वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 100, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 04 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# सांप्रदायिक हिंसा की आग

## कभी रामनवमी तो कभी ईद, पर्वों पर झुलस रहा राजस्थान

## ईद पर जोधपुर में बवाल

### दो समुदायों में झड़प के बाद जोधपुर में तनाव, भीतरी शहर में गाडियां फूंकी, शीशे फोड़े, दस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू






**जोधपुर:** राजस्थान के जोधपुर में ईद के मौके पर जमकर बवाल के बाद तनाव बना हुआ है। प्रशासन ने जोधपुर के 10 इलाकों में बुधवार तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। इधर, लोगों ने सूरसागर इलाके में विधायक के घर के बाहर आगजनी की। उधर, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस घटना पर रिपोर्ट मांगी है। जोधपुर के कई इलाकों में तलवारबाजी, पत्थरबाजी और आगजनी की घटनाएं भी हुई हैं। पत्थरबाजी में एक और पुलिसकर्मी घायल हो गया, जबकि रात को 4 पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिंसा के विरोध में लोगों ने हनुमान चालीसा का भी पाठ करना शुरू कर दिया है। इससे पहले, सोमवार रात को झंडे और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच पत्थरबाजी हुई थी। मंगलवार सुबह एक समुदाय के लोग जालोरी गेट इलाके में जुटकर फिर से उपद्रव करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। जयपुर से एडीजी क्राइम समेत अन्य अधिकारियों को जोधपुर भेजा गया है। उधर, पत्थरबाजी में एक और पुलिसकर्मी घायल हो गया है। कल रात से तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो चुके हैं। दरअसल, जालोरी गेट चौराहे पर सोमवार देर रात करीब 11.30 बजे कुछ लोग झंडे लगा रहे थे। इस दौरान वीडियो बनाते एक शख्स को कुछ युवकों ने पीट दिया। कुछ लोग बीच-बचाव करने आए तो उन्हें भी पीटा। इसके बाद दूसरे गुट ने सामने वाले गुट पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। पत्थरबाजी में डीसीपी ईस्ट और उदयमंदिर एसएचओ घायल हो गए थे।

**सीएम गहलोत ने हाई लेवल मीटिंग बुलाई:** जोधपुर में मंगलवार सुबह उपद्रवियों ने 20 से ज्यादा गाड़ियों के कांच तोड़ दिए और कई एटीएम में भी तोड़फोड़ की। देर रात से ही जालोरी गेट और ईदगाह इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है। वहीं, इंटरनेट बंद कर दिया गया है। सीएम अशोक गहलोत ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं, सीएम गहलोत ने मामले पर डीजीपी समेत अन्य अधिकारियों संग हाई लेवल

### जोधपुर में दस थाना क्षेत्र में लगा कर्फ्यू

**जोधपुर: शहर** में भडके सांप्रदायिक तनाव के बाद अब आधे से ज्यादा शहरी इलाकों में बंद की स्थिति बन गई है। कई जगहों पर पुलिस खुद पहुंच कर दुकानों को बंद करवाने में जुटी है। बाहरी इलाकों को तनाव से बचाने के लिए पुलिस ने प्रतिष्ठानों को बंद करवाने की जद्दोजहद आरंभ कर दी है। आधे से ज्यादा शहर में पुलिस छावनियां दिख रही है। दस थानों क्षेत्रों में जिनमें जिला पूर्व के सदर बाजार, सदर कोतवाली, खांडाफलसा, नागौरी गेट एवं उदयमंदिर के साथ ही जिला पश्चिम में पांच थाना क्षेत्र प्रतापनगर, प्रतापनगर सदर, सूरसागर, सरदारपुरा एवं देवनगर से लगते इलाकों में कर्फ्यू लगने के बाद सन्नाटा पसरने के साथ ही पुलिस इसके अलावा आने वाले अन्य थाना क्षेत्रों में बंद करवाने की जुगत करने लगी है। शास्त्रीनगर इलाके में भी अपरान्ह में चाय की थडियों और प्रतिष्ठानों को बंद करवाने की कवायद शुरू कर दी गई। शाम चार बजे तक सभी प्रतिष्ठान बंद हो गए। पुलिस ने अब ऐतिहातन तौर पर धारा 144 को लगा दिया है। जहां पर चार पांच व्यक्ति एक साथ इकट्ठे नहीं हो सकते है। यह आदेश कमिश्नरेट एवं जिला प्रशासन की तरफ से जारी कर दिए गए है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) वंदिता राणा ने बताया कि कर्फ्यू लगाने के बाद मामला फिलहाल कंट्रोल में है। पुलिस की तरफ से मामले दर्ज किए जा रहे है। काफी लोगों को डिटेन किया गया है। जरूरत अन्य थाना क्षेत्रों में भी कर्फ्यू लगाया जा सकता है। कर्फ्यू में आवश्यक सेवाओ को इससे मुक्त रखा गया है। मेडिकल की दुकानें खुली रहेगी। दोनों पक्ष की तरफ से दी जाने वाली रिपोर्ट पर भी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले दर्ज किए जा रहे है।






### जोधपुर में उपद्रवियों ने घरों में तेजाब की बोतलें फेंकी, युवक की पीठ में चाकू मारा

**जोधपुर:** जोधपुर में दो गुटों के बीच हुए विवाद के 12 घंटे बाद भी पुलिस उपद्रवियों को रोकने में नाकाम रही। शहर को जलाने में उपद्रवी एक बार फिर सफल रहे। प्लानिंग के साथ आए उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया। तेजाब से भरी बोतलें घरों पर फेंकी। दहशत फैलाने के लिए तलवारें लहराई। कबूतरों का चौक में दीपक परिहार नाम के युवक की पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। युवक को महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां ऑपरेशन कर चाकू निकाला गया। शहर के 14 से ज्यादा मोहल्लों में उपद्रवियों ने मंगलवार को जमकर उत्पात मचाया और पत्थरबाजी की। जालोरी गेट से शुरू हुआ विवाद शहर की तंग गलियों तक पहुंच गया। यहां पहले जालप मोहल्ला में विधायक के घर के बाहर दो बाइक को आग लगा दी गई। दंगाई यहां से सोनारों का बास मोहल्ले में पहुंचे। बाइक पर धार्मिक नारों के



साथ रैली निकाली। इस बीच सोनारों का मोहल्ला में तलवार लहराते हुए उपद्रवी पहुंचे। यहां के लोगों ने बताया कि उपद्रवियों ने तेजाब से भरी बोतलें उनके घरों पर फेंकी। इस दौरान नकाबपोश युवकों ने हमला बोल दिया और पत्थरबाजी की। महिलाओं ने बताया कि उनके साथ छेड़खानी भी की गई। इसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोग भी डंडे लेकर सड़कों पर उतरे।

## गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुले



**गंगोत्री धाम:** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट मंगलवार को पूरे विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इसके साथ ही चार धाम यात्रा शुरू हो गई। इस मौके पर गंगोत्री धाम में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी पहुंचे और पूजा में शामिल हुए। कपाट खुलने के बाद सीएम धामी ने सबसे पहले पीएम नरेंद्र मोदी के नाम की पूजा की। इस मौके पर धामी ने कहा कि यात्रा को लेकर कोई संख्या निर्धारित नहीं की गई है। अगर यात्री अधिक संख्या में आते हैं तो उसके बाद कोई निर्णय लिया जाएगा। पिछले दिनों शासन की ओर से यात्रियों की संख्या निर्धारण के आदेश जारी किए गए थे। इससे पहले, तमाम तैयारियों के बीच मां गंगा के शीतकालीन प्रवास भैरो घाटी स्थित मुखबा गांव से मंगलवार सुबह 8.20 बजे मां गंगा की उत्सव डोली विधि विधान के साथ गंगोत्री धाम पहुंची। इस दौरान हर-हर गंगे, जय मां गंगे के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

## यूक्रेन में तुरंत रुके युद्ध: पीएम मोदी

### पीएम ने प्रधानमंत्री फ्रेडरिकसन के साथ ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप और द्विपक्षीय संबंध जैसे मुद्दों पर डेलिगेशन लेवल की मीटिंग की

**कोपेनहेगन:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी यूरोप यात्रा के दूसरे दिन डेनमार्क पहुंचे। कोपेनहेगन एयरपोर्ट पर पीएम मेटे फ्रेडरिकसन ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी पीएम फ्रेडरिकसन के आवास पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री फ्रेडरिकसन के साथ ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप और द्विपक्षीय संबंध जैसे मुद्दों पर डेलिगेशन लेवल की मीटिंग की। इस बैठक में दोनों देशों के ग्रीन स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप में हुए विकास का रिव्यू किया। दोनों नेताओं ने स्किल डेवलपमेंट,



क्लाइमेट, रिनुएबल एनर्जी, आर्कटिक,संबंध जैसे मुद्दों पर बातचीत की। इसके बाद जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन जंग को रोके जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेनिश पीएम के साथ बैठक में उन्होंने इस युद्ध के मसले पर भी चर्चा की और दोनों देशों का यही मानना है कि रूस और यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान करना चाहिए।

**'दोनों देश कई मूल्यों को साझा करते हैं':** पीएम मोदी ने कहा- 'हमारे दोनों देश लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, और कानून के शासन जैसे मूल्यों को तो साझा करते ही हैं, साथ में हम दोनों की कई दूसरी ताकतें भी हैं। अक्टूबर 2020 में भारत-डेनमार्क वर्चुअल समिट के दौरान हमने अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया था।

## सर्जिकल स्ट्राईक से भारत ने बताई अपनी ताकत: शाह

**बेंगलुरु:** एक दिवसीय दौरे पर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों को भारत की ताकत से अवगत कराया। एक कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि पिछले कुछ सालों में भारत ने इतनी ताकत हासिल कर ली है कि वह उसकी सीमा और सेना के साथ दुस्साहस करने वालों को अमेरिका और इजरायल की तरह मुंहतोड़ जवाब देने की ताकत रखता है। राष्ट्रीय सुरक्षा का जिक्र करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले आए दिन पाकिस्तान से जुड़े




आतंकवादी देश में हमला करते थे और केंद्र सरकार की ओर से केवल बयानबाजी की जाती थी। साथ ही उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद स्थिति में सुधार हुआ है। बेंगलुरु के नृपथुंगा विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में ।

## कोरोना का कहर: एक महीने में 70% मरीज बढ़े

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में एक बार फिर तेजी आई है। पिछले एक महीने के अंदर इसमें 69.549% का इजाफा दर्ज हुआ है। आंकड़ों पर नजर डालें तो दो अप्रैल को देश में 11 हजार 287 एक्टिव केस थे। अब दो मई यानी कल तक 19 हजार 137 हो गया है। अगर संक्रमण की यही रफ्तार रही तो आने वाले दिनों में स्थिति फिर से खराब हो सकती है। पिछले एक हफ्ते यानी 26 अप्रैल से लेकर दो मई तक देश में 2520 एक्टिव केस बढ़े हैं। इसके पहले 19 से 25 अप्रैल के बीच 2667 एक्टव मरीजों की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया। 12 अप्रैल से 18 अप्रैल के बीच 1172 लोग संक्रमित पाए गए थे।




**यही रफ्तार रही तो अगले दो महीने में हालात होगी भयावह:** अभी हर रोज करीब 200 से 600 एक्टिव केस बढ़ रहे हैं। बीच में एक-दो दिन एक्टिव केस की संख्या माइनस में भी हो रही है। इन सभी को जोड़कर अगर देखा जाए तो हर हफ्ते औसतन 2119 एक्टिव मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अगर संक्रमण की रफ्तार में कमी नहीं आई और इसी हिसाब से एक्टिव केस बढ़ते रहे तो जून के आखिरी हफ्ते तक कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 36 हजार के पार हो सकती है। हर रोज बढ़ते केस और मौत के मामले में भारत अभी 17वें नंबर पर है। अभी सबसे ज्यादा अमेरिका में लोग संक्रमित पाए जा रहे हैं। यहां हर रोज 40 से 50 हजार लोग संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। वहीं, मौत के मामले में जर्मनी और फ्रांस आगे हैं। यहां हर दिन 150 से 200 लोगों की मौत हो रही है। भारत में अभी कुल 4 करोड़ 30 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो चुके हैं। अच्छी बात ये है कि इनमें 4 करोड़ 25 लाख से ज्यादा लोग ठीक हो चुके हैं। हालांकि, 5 लाख 23 हजार 889 लोग ऐसे भी रहे, जिनकी जान चली गई।

**25 जिलों में कोरोना हुआ बेकाबू:** देश के 25 जिलों में कोरोना बेकाबू हो गया है। यहां पॉजिटिविटी रेट पांच प्रतिशत से 42 प्रतिशत तक पहुंच गया है। सबसे ज्यादा मिजोरम के सेरचिप में 42.32% पॉजिटिविटी रेट है। मतलब यहां कोरोना की जांच कराने वाले हर 100 लोगों में 42 संक्रमित पाए जा रहे हैं।

## एमपी: खरगोन में हिंसा के 22 दिन बाद भी तनाव

**खरगोन:** मध्य प्रदेश के खरगोन में दंगों के 22 दिन बाद कर्फ्यू के बीच ही त्योहार मनाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने तय किया कि कर्फ्यू में ढील नहीं दी जाएगी। ईद की नमाज घर पर ही हुई। अक्षय तृतीया पर शहर में कहीं सार्वजनिक रूप से शादी भी नहीं हो सकेगी। न ही कहीं परशुराम जयंती की शोभायात्रा निकलेगी। शहर में भारी फोर्स तैनात कर दी गई है। सबसे ज्यादा निगरानी तालाब चौक, पहाड़सिंगपुरा, काजीपुरा, मोहन टॉकिज, गुरुव मोहल्ला, भावसार मोहल्ला आदि



में की जा रही है। प्रभारी एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि शहर में 1300 जवान तैनात हैं। ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड सहित तमाम इमरजेंसी सेवाएं भी अलर्ट पर हैं। उधर, पुलिस मुख्यालय ने निमाड़, मालवा और महाकौशल के संवेदनशील जिलों को अलर्ट भेजा है।

# मुल्क में तरक्की एवं अमन-चैन की दुआ के साथ पढ़ी गयी ईद-उल-फित्र की नमाज


मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ते लोग


ईद की खुशियां मनाते बच्चे


एक दूसरे को ईद की बधाई देते लोग

## कोरोना काल के दो साल बाद बिना पाबन्दी खुली हवा में अदा हुई नमाज,मंहगाई की मार से गरीबों पर भारी रही ईद

**अखंड भारत संदेश**

**पसना/कोरांव।** पूरे कोरांव तहसील के मुस्लिम बाहुल इलाकों जैसे कोरांव कस्बा, कोसफरा, सोमारिहा, देवघाट,अमिलियपाल, हनुमानगंज, कपूरी, सिरोखर, महुली संसारपुर ईदगाह, आदि गांवों में कोरोना महामारी के दो साल बाद पहली बार बिना किसी पाबन्दी के लोगों ने ईदगाह एवं मस्जिद में पूरी जमात के साथ ईद की नमाज अदा की।रमजान महीने के तीस दिन के रोजो के बाद ईद का त्यौहार मनाने को लेकर लोगों की खुशी दुगुनी थी।ईद की नमाज में मस्जिदों के पेश इमामों ने अपनी तकरीर के जरिये लोगों में भाई-चारे व वतन की खुशहाली एवं तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी।ईद को लेकर बच्चों में खास उत्साह एवं खुशी देखी गयी जबकि मंहगाई के चलते गरीब तबके के लोगों में ईद के शौक पूरे करने की हसरत अधूरी रह गयी।फिर भी लोगों ने एक दूसरे के सहयोग से फर्ज अदायगी किसी तरह पूरी की। समाज में लोगों ने एक दुसरे को गले व हाथ मिला कर मोहब्बत का इजहार किया।हिंदू मुस्लिम वर्ग के लोगों ने भी नमाज के बाद लोंगो से मिल कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के त्यौहार पर कोरांव थाने का पुलिस प्रशासन इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव के नेतृत्व में पूरी तरह से मुस्तैद रहा। इस मौके पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल के मंत्री शहजादे ने ईद और परशुराम जयंती पर पर लोगों को मुबारकबाद दी।

**सहसों सहित क्षेत्र में मनाई गई ईद का त्योहार :**

**सहसों।** पाक ए माहे रमजान में रोजा रखने के बाद मंगलवार को क्षेत्र में बड़े ही सौहार्द पूर्वक ईद मनाई गई। जहां सुबह सहसों सहित क्षेत्र के हर गांव की ईदगाह पर ईद की नमाज पढ़ी गई। सहसों बसमहुआ स्थित ईदगाह पर सुबह सात बजे नमाज अदा की गई। जहां पर मौलाना द्वारा लोगों को ईद व रमजान की फजीलत का बयान फरमाया। सहसों, भोपतपुर, जगबंधन पुर, बभनकुईयां, मोलनापुर, महरौड़ा, रामनगर, कांदी, मलावां आदि गांव के लोगों नें ईद की नमाज अदा कर बड़े ही उत्साह के साथ ईद मनाई और एक दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। इन सभी गांवों में सुबह 9 बजे तक नमाज बड़ी ही शांति पूर्वक पढ़ाई गयीं। थाना सराय इनायत व थाना थरवई पुलिस ने पूरे क्षेत्र पर सुरक्षा की दृष्टि से निगाह जमाये हुए थी। इस मौके पर रोजेदार गुलाम सरवर अंसारी, मुस्ताक अहमद, अनवर अली, शकील अहमद, मुस्ताक अहमद, शेर अली आदि लोग रहे।

## मऊआइमा में ईदुलफित्र की नमाज सकुशल समपन्न



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में ईदुलफित्र की नमाज ईदगाहों और मसजिदों में भारी भीड़ के साथ समपन्न हुई। ईद की नमाज के बाद लोग एक दूसरे को मुबारकबाद दिए।इस मौके पर प्रयाप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात की गई थी ।मंगलवार को मऊआइमा कस्बा सहित ग्रमीण क्षेत्रों में ईदुलफित्र की नमाज सुबह समपन्न हो गई। ईदगाह आजमपुर में मौलाना मुफ्ती हबीबुर्रहमान ने मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराए । जहां हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज पढी। फिर एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दिए। उधर मोहल्ला कोट की ईदगाह बालीपुर में मौलाना उमैर कमाल ने ईदुलफित्र की नमाज पढाई। और विशेष दुआ कराए। जहां महिलाओं ने भी फर्दा में नमाज पढी। इसी प्रकार मोहल्ला नाटी इमली में मरकज वाली मस्जिद ,शीशा वाली मस्जिद, खडाऊं बाबा की मस्जिद, डाक्टर वाली मस्जिद ,कडकशाह मस्जिद, बैरहना मस्जिद आदि मस्जिदों में ईदुलफित्र की विशेष नमाज पढ़ी गयी। ग्राम किरांव, महरौंडा ,बागी ,जाम्हा, तेजपुर, सरायख्वाजा, मानी उमरपुर, छीतेमऊ ,महमदपुर सराय अली आदि स्थानों पर विशेष ईदुलफित्र की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में पढी गयी। ईद के दिन से तीन दिनों तक मऊआइमा कस्बा लगने वाला टर्र के मेले में भारी भीड एकत्रित रही।

# युवक की धारदार हथियार से हत्या गांव में हडकंप, पुलिस बल तैनात

**अखंड भारत संदेश**


घटना स्थल पर जुटी भीड व पुलिस बल

**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के धरवारा गांव के माधव सिंह पूरा मजरा निवासी अभिषेक सिंह 25 पुत्र ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह रविवार की रात गांव के ही एक तेल चक्की मशीन पर सरसों की पेराई करने के लिए गया था । वापसी में रात 9बजे के आसपास गांव के सुनसान जगह पर पंपिंग सेट पर कुछ लोग पहले से घात लगाए बैठे थे जिससे अभिषेक को रोककर उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया । कुल्हाड़ी गर्दन में लगने के कारण थोड़ी देर में अभिषेक की मौत हो गई । हत्या की जानकारी परिजनों को हुई तो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई । मृतक के पिता की ज्ञानेंद्र कुमार की 1 साल पहले ही मौत हो चुकी है और वह दो भाइयों में बड़ा था छोटा भाई विवेक सिंह अभी पढ़ाई कर रहा है । लोगों का कहना है कि वह उसकी गांव में कोई रंजिश भी किसी से नहीं थी । हत्या में गांव के ही रामबाबू सोनकर व बनारसी सोनकर पुत्र गण राम लखन सोनकर व संजय सोनकर पुत्र हरिशंकर के खिलाफ परिजनों ने हत्या की तहरीर करछना थाने में दी है। हत्या किस वजह से की गई अभी कारण स्पष्ट नहीं हो सका है । सूत्रो की मानें तो वजह कुछ और बताई जा रही है, हालाकि पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है तथा आगे की कार्रवाई के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इन्तजार कर रही हैं।

# मेजा में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**अखंड भारत संदेश**


घटनास्थल पर पुलिस व लोगों की भीड़

**मेजा रोड।** मांडा थाने की दिघिया पुलिस चौकी क्षेत्र के बरहाकला गांव में बीती रात एक युवक ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया। इससे स्वजनों में कोहराम मच गया है। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।मांडा थाना क्षेत्र के बरहाकला निवासी पुष्पराज भारती (22) पुत्र दयाशंकर भारती बीती सोमवार की रात भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। इस दौरान मध्यरात्रि युवक ने अपने कमरे में ही अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सुबह 8 बजे तक कमरा नहीं खुला तो स्वजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। अनहोनी की आशंका जताते हुए स्वजनों ने किसी तरह दरवाजा खोल और अंदर का नजारा देखते ही होश उड़ गए। घटना को लेकर स्वजनों में कोहराम मच गया। वहीं स्वजनों ने भय वश पुलिस को जानकारी नहीं दिया। सूत्रों से मिली जानकारी पर दिघिया पुलिस चौकी प्रभारी राम बहादुर सिंह दलबल सहित घटनास्थल पहुचें। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शहर भेज दिया। उक्त मामले में चौकी प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। मृतक की पत्नी मायके में थी। उसे बुला लिया गया है। आत्महत्या का कारण अभी तक स्पष्ठ नहीं हो सका है। इसकी जांच की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### मेजा में विधायक हर्षवर्धन बाजपेई का हुआ स्वागत



**मेजा रोड।** भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेई का मेजा विधानसभा क्षेत्र के टिकुरी मानस पेट्रोल पंप पर वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद उपाध्याय की अगुवाई में स्वागत किया गया। मंगलवार को भाजपा के शहर उत्तरी के विधायक हर्षवर्धन बाजपेई का मानस पेट्रोल पंप पर वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बता दें कि शहर उत्तरी से हर्षवर्धन बाजपेई पर पार्टी के आलाकमान ने दूसरी बार भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया था। जनता ने उन पर भरोसा बरकरार रखा और दोबारा उन्हें विधायक चुना। विधायक बनने के बाद पहली बार मेजा पहुंचे हर्षवर्धन बाजपेई का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। स्वागत के दौरान समाजसेवी सिद्धांत तिवारी,आशीष शुक्ला,गिरिश दुबे, संजय शुक्ला, मनीष उपाध्याय,रजनीश मिश्रा,दीपक तिवारी, अरुण उपाध्याय उपस्थित रहे।

### एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, बेटी ने खोली आंखें



**शंकरगढ़।** महिलाओं के लिए चलाई गई विशेष एंबुलेंस सेवा 112 में आज फिर से किलकारी गूंजी। बेटी ने जन्म लिया। अस्पताल जा रही गर्भवती को प्रसव पीड़ा तेज होने पर एएनएम और ईएमटी ने एंबुलेंस में ही प्रसव करवाया और फिर जच्चा-बच्चा को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है। यह मामला यमुनापार के शंकरगढ़ (लोनीपार) का है। जानकारी के मुताबिक विकास खंड शंकरगढ़ के लोनीपार निवासी देवेंद्र की पत्नी सोमवती (32) को दोपहर प्रसव पीड़ा शुरू हुई। इस पर परिजनों ने गांव की आशा रेखा देवी को इसकी जानकारी दी। रेखा देवी ने तत्काल एंबुलेंस सेवा 112 को फोन किया और थोड़ी ही देर में नारीबारी से एंबुलेंस देवेंद्र के दरवाजा पर खड़ी हो गई। परिजन सोमवती को लेकर अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने लगी।मामला नाजुक देख एंबुलेंस चालक ने गाड़ी को साइड में पार्क किया और ईएमटी की मदद से एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया गया। सोमवती देवी ने एंबुलेंस में ही एक बेटी को जन्म दिया। इसके बाद दोनों को पीएचसी नारीबारी ले जाया गया, जहां एएनएम गीता देवी ने जच्चा-बच्चा की जांच की और दोनों को स्वस्थ बताया।

### माइक्रो डोनेशन : भाजपा किसान मोर्चा ने चलाया अभियान




**शंकरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के किसान मोर्चा इकाई ने मंगलवार को यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में माइक्रो डोनेशन अभियान चलाया। शंकरगढ़, नारीबारी सहित क्षेत्र के बीस मंडलों में चलाए गए अभियान के दौरान लोगों से छोटी-छोटी धनराशि एकत्र की गई। जिलाध्यक्ष (किसान मोर्चा) अरुण सिंह पप्पू ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर शंकरगढ़ में 120 व नारीबारी में 100 लोगों कार्यकताओं ने नमो एप के माध्यम से धनराशि एकत्र की।इस तरह का अभियान यमुनापार के सभी 20 मंडलों में चलाया गया। जिलाध्यक्ष अरुण सिंह पप्पू ने राष्ट्र हित और निर्माण के लिए सभी से छोटी-छोटी धनराशि देने की अपील की।उ?होंने कहा कि इस धनराशि का व्यय राष्ट्र हित में किया जाएगा। उन्होंने आज के सहयोग के लिए समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी गिरीश कुमार चतुवेर्दी, मसुरियादीन वर्मा, सतीश विश्वकर्मा, गोरे सिंह, अभिषेक मौर्य, राहुल श्रीवास्तव, नीरज द्विवेदी वैदेही शरण, मनोज केसरवानी, अनुज सिंह के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खेलो मास्टर्स गेम्स में शुआट्स फैकल्टी ने जीता स्वर्ण और रजत पदक



**नैनी प्रयागराज।** दिल्ली में आयोजित दूसरे खेलो मास्टर्स गेम्स में शुआट्स फैकल्टी डॉ सुनीता बी जॉन ने अलग-अलग टूनार्मेंट में स्वर्ण एवं रजत पदक जीतकर उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। बता दें कि त्यागराज स्टेडियम नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा द्वितीय खेलो मास्टर्स गेम 2022 का उद्घाटन किया गया था। जिसमें 23 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आठ अलग-अलग टूनार्मेंट में प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। शुआट्स की शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता बी जॉन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक जीता एवं हैमर थ्रो में रजत पदक जीतकर उत्तर प्रदेश के साथ-साथ शुआट्स का गौरव बढ़ाया। डॉ सुनीता बी जॉन इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय पदक जीतकर संस्थान का नाम ऊंचा कर चुकी है।शुआट्स प्रबंधन एवं कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र बी लाल ने डा सुनीता बी जॉन को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# बढ़वारी और चपरो में परशुराम जयंती पर दिखा ब्राह्मणों का जनसैलाब

## धर्म की रक्षा के लिए याद किये जातें है भगवान परशुराम





**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** तहसील परिसर अन्तरगत प्राचीन सोमनाथ मंदिर बढवारी में भगवान परशुराम जयंती मनाई गई, इस अवसर पर सूबह दस बजे से ब्राह्मणों का जमावड़ा लगने लगा लेकिन एक बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहर उत्तरी के बिधायक हर्षवर्धन वाजपेई के पहुंचते ही कार्यक्रम जनसैलाब के रूप में परिवर्तित हो गया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में इंद्र नाथ मिश्रा ब्लाक प्रमुख कौंधियारा सुशील मिश्रा मेजा आशीष द्विवेदी मांडा आशीष मिश्रा मेजा वहां उपस्थित विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा भगवान परशुराम मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन विधिवत 101 पंडितों के द्वारा शंखनाद के साथ किया गया। ऐतिहासिक जनसैलाब को संबोधित करते हुए हर्षवर्धन बाजपेई ने कहा कि भगवान परशुराम पित्र भक्त तथा अन्याय के खिलाफ सदैव संघर्ष किए हैं उनसे विप्र समाज को सीख लेना चाहिए कि अकेले दम पर एक अत्याचारी का परिवार सहित कई बार विनाश कर धर्म की स्थापना कर अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे। उन्होंने कहा आज प्रजातंत्र में हम ब्राह्मणों को एकजुट होने की जरूरत है। वही वक्ताओं में इंद्र नाथ मिश्रा ने भी विप्र समाज को एकजुट होने की बात कही। सुशील मिश्रा ने अपने ओजस्वी भाषण में भगवान परशुराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। आशीष आशीष मिश्रा आशीष दुबे माडा ने कहा कि इस तरह से ऐतिहासिक कार्यक्रम करने से समाज में जागरूकता तथा धर्म के प्रति लोगों की आस्था बढ़ेगी। चर्चित किसान नेता राजेश पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मानते हुए अपने समाज के कमजोर व्यक्ति की मदद की भावना होनी चाहिए ।कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुवेर्दी तथा भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष राजू चौबे एवं क्षेत्रीय नौजवानों के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ ।संचालन प्रमोद मिश्रा पयासी अध्यक्षता समाज सेवी बबलू शूक्ला कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय मिश्रा पिपरहटा पप्पन उपधिया राजेंद्र पांडेय डिघलो सुभाष पांडेय हरि द्विवेदी लल्लन तिवारी अधिवक्ता शेखर द्विवेदी विपुल दुबे आशीष मिश्रा देवराज मिश्रा रामबली दूवेदी पंडरिया पूजा मिश्रा अर्जून तिवारी बिजय मिश्रा मूरलीपूर बरौहा प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

इसी प्रकार चपरो में आयोजित उक्त जयंती पर विसिष्ट अतिथि विधायक कोराव राजमणि कोल ने भी समारोह को संबोधित किया साथ ही परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके बताए हुए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। ग्राम चपरों कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश तिवारी के यहां आयोजित प्रोग्राम में पूर्व विधायक अशोक बाजपेई एमएलसी डाक्टर केपी श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे और सभी ने भोजन किया।ग्राम सभा चपरो गोसला मैं भगवान परशुराम का अवतरण दिवस मनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज ने सहभागिता ली। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंडित अशोक कुमार बाजपेई पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार प्रदीप द्विवेदी जी राष्ट्रीय संयोजक एवं संस्थापक ब्राह्मण समाज कमलेश द्विवेदी जी प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख करछना गंगा प्रसाद मिश्र प्रतिनिधि ब्लाक प्रमुख मेजा गायत्री प्रसाद तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख कोरांव अध्यक्ष राम मिश्रा पूर्व ब्लाक प्रमुख कोरांव प्रेम शंकर शुक्ला पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा विधान परिषद के सदस्य श्री केपी श्रीवास्तव जी कृष्णा प्रसाद पाठक सोनू अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के जिला प्रभारी मनीराम शुक्ल प्रधान प्रतिनिधि अयोध्या तथा हजारों की संख्या में विप्र समाज ने अपनी सहभागिता दी इसके लिए आए हुए अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन वंदन तथा क्षेत्र से जुड़े हुए विप्र समाज का स्वागत एवं अभिनंदन जय ब्राह्मण समाज जय परशुराम भगवान जय सनातन धर्म के नारे के साथ संपन्न हुआ।



## जातिवादी नजरिए से देखना परशुराम का अपमान : डॉ. पाण्डेय

**करछना।** हमारे शास्त्र और शस्त्र मानव जीवन की आचार संहिता के मूल से जुड़े हैं। जहां मानवीय मूल्यों से युक्त लोकजीवन में शास्त्र हमें जीवन की आदर्श परम्परा की अनुभूतियों,संस्कारों और अपने कर्मों के प्रति सजग करते हुए हमारे पथ प्रदर्शक हैं, वहीं शास्त्र से विमुख होनेऔरआचार संहिता पर अतिक्रमण होने के समय शस्त्र की रक्षा कवच के रूप में आवश्यकता पड़ती है। भगवान परशुराम के आचरण और प्रकृति में शास्त्र और शस्त्र दोनों का अद्भुत समन्वय समाहित हैं।उन्हें जातिवादी नजरिए से देखना परशुराम का अपमान होगा। यह बातें परशुराम जयंती के मौके पर रामपुर स्थित वेद भवन में आयोजित संगोष्ठी के दौरान जागृति मिशन के दौरान संयोजक डॉ.भगवत पाण्डेय ने कही। पितृ भक्तिऔर धर्मपरायण होने के साथ-साथ अत्याचारों का दमन उनकी सोच और प्रकृति में रचा बसा था। इस दौरान अधिवक्ताअशोक तिवारी ने कहा कि परशुराम जी अपने अवतार की मान्यताओं के साथ समाज में सदैव एक आदर्श के रूप में पूज्य रहेंगे। संगोष्ठी में मौजूद लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तथाअनेक कथाओं के माध्यम से उनके कृतित्व यश कीर्ति की स्मृतियों के साथ नमन और वन्दन किया। इस मौके पर नारायण दत्त तिवारी,रमाकान्त तिवारी, मानिकचंद ओझा, तीरथ राज पांडे,मनोज द्विवेदी आनंद उपाध्याय,अशोक सिंह ,कमला शंकर, राजमणि चौधरी, रिंकूसिंह, अतुलतिवारी, विजयपाल, पिंटू गुप्ता समेत क्षेत्रीय प्रबुद्धजन और मिशन के लोग मौजूद रहे।

## पूजा पाठ के साथ मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती




परशुराम जयंती मनाते नवयुवक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष लवकेश मिश्रा व नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**सहसों।** भगवान विष्णु के अंश रूपी छठवें अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर लोगों ने उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं पूजा पाठ कर भगवान परशुराम का स्मरण करते हुए उनकी जयंती मनाई गई। इसी प्रकार नवयुवक ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में केंद्रीय कार्यालय पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्रा की अध्यक्षता में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के चित्र पर वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजा पाठ पुष्पांजलि एवं आरती उतार कर उनको स्मरण करते हुए भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पंडित लवकेश मिश्रा ने कहा ब्राम्हण शिरोमणि भगवान परशुराम ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर बाल्यावस्था से ही अदम्य साहसी, पराक्रम के प्रतीक, महान ऋषि, संकल्पमुर्ति, न्याय प्रिय, शस्त्र और शास्त्र के अनन्य ज्ञानी भगवान परशुराम ने हमेशा अधर्मियों व पापियों का नाश करते हुए इस जगत की और ब्राह्मण समाज की रक्षा किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि केपी दूबे संरक्षक मजदूर संघ प्रयागराज व विशिष्ट अतिथि हरशू प्रसाद शुक्ल पूर्व इंजीनियर इफको एवं शारदा प्रसाद शुक्ला पूर्व प्रधानाचार्य, गायत्री प्रसाद मिश्रा, नेता अशोक तिवारी, एवं समाज के प्रबुद्ध जनों सहित अतिथियों का नवयुवक ब्राह्मण समाज द्वारा माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम एवं भगवान परशुराम की स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर ग्राम प्रधान द्वारिका प्रसाद मौर्य ने नवयूवक ब्राह्मण समाज संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र को एक फरसा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता गौतम कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया तत्पश्चात लोगों में प्रसाद वितरण भी कराया गया। मौके पर प्रमुख रूप से ब्राह्मण समाज के कुलदीप मिश्रा, पंकज शुक्ला, शेष नारायण तिवारी, सत्येंद्र कुमार, प्रमोद शुक्ला, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, पंकज मिश्रा, सूर्यमणि पांडे, चिंतामणि शुक्ला, विश्वनाथ तिवारी, अनुराग मिश्रा, कृष्ण देव दुबे, अनूप शुक्ला, भुवनेश शुक्ला, विष्णू दूबे, सिद्धार्थ मिश्रा, विकास तिवारी, विनय शुक्ला, निशाकांत तिवारी, सतीश दूबे, संजय पांडे , अमन मिश्रा उर्फ भीम, प्रिंस मिश्रा, किशन शुक्ला सहित क्षेत्र के संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा ने मनाई परशुराम जयंती



**प्रतापपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा प्रतापपुर एवं हिंदू युवा वाहिनी के सौजन्य से सारीपुर प्रतापपुर प्रतापपुर चौरा माता मंदिर पर देवी पूजा एवं श्री परशुराम जयंती मनाया गया जिसमें मुख्य रुप से जिला अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा प्रयागराज पंडित लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, एवं हिंदू युवा वाहिनी के जिला मीडिया प्रभारी नवीन उपाध्याय, अनुज तिवारी, सूरज तिवारी, प्रमोद कुमार द्विवेदी, त्रिलोक शंकर दूबे, उमा भारती द्विवेदी, रामचंद्र पांडेय, अजय पांडेय, तनुजा तिवारी, एवं बहुत से इष्ट मित्र मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डीजे बाइक की टक्कर में नाबालिग की दर्दनाक मौत

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत सेमरी गांव में मोनू चौहान उम्र 17 वर्ष पुत्र मोतीलाल चौहान की दर्दनाक मौत हो गई। करुवाडीह निवासी मोनू चौहान बाइक से प्रतापपुर-सरायममरेज रोड पर आ रहे थे बीच में सेमरी गांव के पास रोड पर डीजे से आमने-सामने एक्सीडेंट होने के कारण मौके पर उनकी मौत हो गई।उनके पिता मोतीलाल चौहान की तहरीर के आधार पर डीजे मालिक आजाद पुत्र हाकिमउद्दीन निवासी उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 101/2022 धारा 279 304 ए आईपीसी दर्ज किया गया। सरायममरेज पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में कराकर अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई।

### कंपनीबाग के बाहर हाईकोर्ट अफसर से मोबाइल लूटा

**प्रयागराज।** कंपनीबाग में टहलकर बाहर निकले इलाहाबाद हाईकोर्ट के शासकीय न्यासी मिथिलेश कुमार तिवारी से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। उन्होंने बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ कर्नलगंज थाने में लूट की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि 30 अप्रैल को सुबह टहलने गए थे। बाहर निकलने पर तेज रफ्तार से बाइक पर दो लड़के पहुंचे। झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया और भाग निकले। सब कुछ इतना अचानक हुआ कि वह बाइक सवार युवकों का चेहरा नहीं देख पाए। शिकायत मिलने पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही है। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की तलाश चल रही है।

### 15 घंटे बाद मिला डेढ़ हजार परिवारों को पानी

**प्रयागराज।** कालिंदीपुरम के डेढ़ हजार परिवारों को 15 घंटे बाद पानी मिला। दिनभर मरम्मत की कोशिश के बाद सोमवार रात 10 बजे कालिंदीपुरम और लालबाग कॉलोनी के घरों में टोटियों तक पानी पहुंचा। बिजली और जलकल विभाग ने रात नौ बजे केबिल और मोटर की मरम्मत कर नलकूप से जलापूर्ति शुरू कर दी थी।

# पीडब्लूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रयागराज का किया भ्रमण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## दिसंबर 2023 तक पूरा करें सभी पुलों के काम



अधिकारियों के साथ बैठक करते पीडब्ल्यूडी मंत्री



बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर में मत्था टेकते जितिन प्रसाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री बनने के बाद पहली बार संगम नगरी आये जितिन प्रसाद ने लेटे हनुमान जी का दर्शन किया और जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को समीक्षा की। सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने सेतु निगम से अफसरों से कहा कि दिसंबर 2023 से पहले सभी पुलों का काम पूरा कर लें। इसमें कहीं लापरवाही न हो। साथ ही जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर महाकुंभ 2025 को देखते हुए बड़े कार्यों का प्रस्ताव देने को कहा।

**पीडब्ल्यूडी के अधिकारी से मंत्री ने कहा, नाले-नाली से हटवाए अतिक्रमण :**

प्रयागराज जिले में कई पुल बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इसमें से अधिकतर स्वीकृत है लेकिन कइयों में अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। मंगलवार को बैठक की शुरूआत सेतु निगम से हुई। मंत्री ने सेतु निगम के अफसरों से कहा कि जिन पुलों में जमीन अधिग्रहण का मामला है, उसे प्रशासन से मिलकर सुलझाए। सलोरी ओवरब्रिज, बेगम बाजार ओवरब्रिज, चौफटका ओवरब्रिज का विवाद सुलझाकर निर्माण करवाये। बक्शी बांध ओवरब्रिज रेलवे के कारण अधूरा है, उसे रेलवे उसे रेलवे के अफसरों से बात करके जल्द पूरा करवाने को कहा।अगले डेढ़ साल में सभी पुलों का काम गुणवत्तापूर्ण पूरा करें। राजकीय निर्माण निगम के अफसरों से कहा कि बड़ी परियोजनाओं में लापरवाही बरती तो कार्यवाही होगी। उनके लिए जो समय दिया है, उसी में पूरा करें। उन्होंने कहा कि शहर में जलभराव एवं जाम की समस्या से निपटने के लिए प्रभावी कार्यवाही करें। अभियान चलाकर ग्रामीण सड़कों के चौड़ीकरण एवं मरम्मतीकरण का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को शहर में नालों एवं नालियों पर लोगो के द्वारा किए जाने वाले अवैध अतिक्रमण को अभियान चलाकर हटाये जाने का निर्देश दिया।

### मंत्री ने दिए जांच के निर्देश

फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल ने बताया कि फूलपुर में बनाये गये आरओबी के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच की जाय।उसके निर्माण में लापरवाही बरती गई। इस पर मंत्री ने जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने बताया कि माण्डा से बड़ोखर को जोड़ने वाली सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं। मंत्री जी ने सड़क के मरम्मत कराने को कहा।

### शास्त्री ब्रिज की कराएं मरम्मत

शास्त्री ब्रिज की मरम्मत के सम्बंध में चर्चा किए जाने पर पीडब्लूडी के अधिकारियों ने बताया कि इसके मेंटीनेंस के लिए शीघ्र ही स्टीमेट एवं प्रस्ताव बनाकर भेजा जायेगा। मंत्री ने इस कार्य को प्राथमिकता पर कराये जाने का निर्देश दिया है। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने अलोपीबाग के पास बने आरओबी के कम चैड़ा होने के कारण उसपर होने वाले आवागमन की कठिनाईयों एवं दुर्घटना की सम्भावना को देखते हुए उसको ठीक कराये जाने के मांग की। इस पर मंत्री ने सेतु निगम को आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है।विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्य ने नवाबगंज से श्रृंगवेरपुर की सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने की मांग की। विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद ने छिवकी के पास निमार्णाधीन पुल की प्रगति धीमी होने के बारे में बताया।मंत्री ने आईटीआई कोरांव, लाल बहादुर होम्यिोपैथिक मेडिकल कालेज, पॉलिटेक्निक कालेज सोरांव सहित अन्य निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने को कहा। इस अवसर पर एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, यमुनापार अध्यक्ष विभव नाथ भारती आदि थे।

## न्यूज झरोखा

### बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही



**सोरांव।** जहां एक तरफ बिजली विभाग की लापरवाही से क्षेत्र में हादसे होते रहते हैं। और आए दिन बिजली के करंट से मरने की सूचना भी आती रहती है। वही शिवगढ़ क्षेत्र में बिजली विभाग ने पुराने जर्जर तारों को बदल कर तो नया केवल लगा दिया गया है। जिससे बिजली चोरी तो काफी हद तक कम हो गई है। तथा प्रत्येक ट्रांसफार्मर के पास एमसीबी बॉक्स लगाकर विद्युत सप्लाई की जा रही है। वही शिवगढ़ चौराहे के पास लगे विद्युत एमसीवी बॉक्स को कंपनी वाले खुला छोड़ दिए है। जबकि उक्त खुला बॉक्स सड़क से महज एक मीटर की दूरी पर ही है। और बगल में गेस्ट हाउस होने से अक्सर शादी विवाह या फिर अन्य समारोह होता रहता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जो भी बॉक्स लगाया गया है। उसको सड़क के विपरीत दिशा में लगाया जाए। और खुले बॉक्स को बंद करने की विभाग से मांग की है। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें न हो। और खतरे से बचा जा सके।

### पसना निवासी अरविंद का हुआ असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन,क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर



**पसना।** कोरांव तहसील अंतर्गत पसना गांव निवासी किसान विक्रमा प्रसाद एवं शांति देवी के पुत्र अरविंद कुमार पटेल जो कि वर्तमान में राजकीय इंटर कालेज उन्नाव में प्रवक्ता पद पर कार्यरत हैं का चयन उच्च शिक्षा सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत के पद पर हुआ है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में अरविंद का इंटर कालेज प्रवक्ता के पद पर चार बार चयन हो चुका है,जिसमे प्रथम नियुक्ति 2018 में झारखण्ड राज्य में हुई थी,2020 में राजकीय इंटर कालेज उन्नाव में हुई जहाँ पर वर्तमान में कार्यरत हैं।2020 एवं 2021 में हुए प्रवक्ता पद पर चयन में अरविंद ने ज्वाईन नहीं किया।पढ़ाई में होनहार अरविंद हाईस्कूल व इंटर की शिक्षा कोरांव के गोपाल विद्यालय इंटर कालेज एवं स्नातक व परास्नातक की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की है।अरविंद के चयन पर जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त पटेल,सुधाकर पटेल बीडीसी,राजन सिंह,बब्बन पटेल, मधुकर,संजय आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# विकास भवन में अग्निकांड का रहस्य बरकरार, हजारों टैबलेट जलने की जांच करेंगे डीडीओ



जले हुए टेबलेट को बाहर निकालते कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विकास भवन के सरस सभागार से सटे जिला पंचायतराज अधिकारी के गोदाम में आगजनी से पांच हजार टैबलेट व सामान जलने की जांच जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) अशोक कुमार मौर्य करेंगे। हालांकि मंगलवार को अवकाश होने के कारण जांच आगे नहीं बढ़ सकी। अभी तक आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना के दूसरे दिन भी कर्मचारी नेताओं ने पूरे मामले को लेकर सवाल उठाया और मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की।

### गोदाम में रखे पांच हजार टैबलेट समेत पुरानी फाइलें, बैग और कागजात जले

सोमवार की सुबह सात बजे गोदाम में आग लगी थी। इससे गोदाम में रखे पांच हजार टैबलेट समेत, पुरानी फाइलें, बैग और कागजत भी जल गए। यह टैबलेट 2011 की जनगणना के दौरान कर्मचारियों को दिए गए थे, जो कार्य खत्म होने के बाद वापस जमा हुए थे। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने बताया कि अभी तक आग कैसे लगी इसका कारण पता नहीं चल सका है। आगजनी की घटना की जांच डीडीओ को सौंपी गई है। उनकी जांच के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय होगी। विकास भवन में आग से सुरक्षा संरक्षा के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

# सद्भावना व उल्लास के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार



ईद की नमाज अदा करने निकली युवाओ की टोली

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** क्षेत्र में ईद उल फितर का त्योहार बड़ी ही धूमधाम व सद्भावना के साथ मनाया गया। क्षेत्र की सभी ईदगाहों व मस्जिदों पर सामूहिक नमाज अदा की गई नमाज के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ था। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी।

30 रोजे के बाद सोमवार की शाम ईद का चाँद खुशियो के साथ आया तो मुस्लिम इलाकों की रौनक और बढ़ गई। मंगलवार को झूंसी ईदगाह, कनिहार जमा मस्जिद, मालवा, हनुमानगंज आदि मस्जिदों में कोरोना की वजह से दो साल बाद सामूहिक नमाज हुई। सुबह से ही बुजुर्ग, नौजवानों के साथ बच्चे सफेद कुर्ता पायजामा टोपी पहने अपने घरों से निकलकर पास की ईदगहो पर पहुचने लगे निर्धारित समय पर ईद की नमाज अदा कर लोगों ने बरकत के साथ देश के अमन और शांति की ऊपर वाले से दुआ मांगी फिर एक दूसरे से सीने से लगा कर ईद की मुबारक बाद दी। हिंदू भाइयों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी इस मौके पर एक दूसरे को सेवइयां खिलाई गई। शांति व्यवस्था के मद्दे नजर चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही इंस्पेक्टर झूंसी एसपाल सिंह फोर्स के साथ देर रात तक गस्त करते रहे।

### ईद उल फितर प्रेम भाईचारा व बंधुत्व का पर्व



**मेजा रोड।** प्रेम, भाईचारा व बंधुत्व का पर्व ईद-उल-फितर मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां हर ओर जश्न का माहौल रहा वहीं ईद की नमाज पढ़ी गई, उसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर पर्व की बधाई दी। नमाज के बाद मुस्लिम बंधुओं ने मुल्क की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआ मांगी। सुबह से ही मुस्लिम भाइयों ने नए कपड़े पहनकर मस्जिदों व ईदगाहों पर जाकर ईद की नमाज पढ़ी। सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में नमाज के लिए लोग जुटे।मस्जिदों के पास मेले जैसा दृश्य रहा।सुबह 9 बजे मस्जिदों में जाकर मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज पढ़ी। क्या बूढ़े,क्या जवान और क्या बच्चे सभी एक दूसरे से गले मिलकर अपने शुभचितकों के घर जाकर मीठी सेवई का भरपूर आनंद लिया।

### खखैचा में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई

**जंघई।** भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार तथा शंख घंटा ध्वनि के साथ पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया।मां भगवती वैदिक शिक्षण शोध जनसेवा संस्थान खखैचा प्रतापपुर गंगापार द्वारा अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्री विष्णु के षष्ठम आवेशावतार भगवान श्री परशुराम जी का वैदिक मंत्रोच्चार तथा शंख घंटा ध्वनि के साथ पूरे हर्षोल्लास से पावन जन्मोत्सव मनाया गया।इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्षा फूलकुमारी द्विवेदी, महामंत्री आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक", कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण तिवारी, विष्णुकांत पांडेय, आदर्श पांडेय गोलू, चंपा ठाकुर, यज्ञदत्त द्विवेदी, शिवदत्त द्विवेदी, कृष्णदत्त द्विवेदी, विष्णुदत्त द्विवेदी, देवदत्त द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पेट्रोल डीजल की किल्लत झेल रहे हैं ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**लेडियारी।** कोरांव तहसील क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीणों को पेट्रोल डीजल पाने हेतु किल्लत झेलना पड़ रहा है।खास समस्या खीरी थाना क्षेत्र में स्थित टंकियों की है। जहां पर कभी पेट्रोल नही मिलता है तो कभी डीजल नही मिलता है।कभी कभी डीजल पेट्रोल दोनो नही मिल पाता है। यह समस्या रबी के फसल के कटाई मड़ाई से ही प्रारम्भ है।वर्तमान में शादी ब्याह का समय चल रहा है। ऐसे में अपनो के यहा पहुंचने हेतु पेट्रोल डीजल की जरूरत पड़ती है। ऐसे समय में नही मिलने पर लोगों में मायूसी बन कर रह जाती है। छेत्र में दर्जनों टंकियों को सरकार द्वारा बिक्री का लाइसेंस जारी किया गया है। आम जनता में चर्चा में डाल दी जाती है कि रूस और यूक्रेन में विश्व युद्ध होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है।वहीं कई जगहों पर चर्चा रहती है कि पेट्रोल डीजल का भाव में उतार चढाव के कारण इस तरह का समस्या बन जाती है। वही सूत्रों का कहना है कि ईंधन डिपो में प्रयाप्त सप्लाई न होने से उक्त समस्या बन रही है। मामला कुछ भी हो ,पर्याप्त डीजल पेट्रोल न मिलने से वर्तमान समय में लोगो को शादी ब्याह में पहुंचने हेतु भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा हैं।

### कोराव तहसील क्षेत्र के कई टंकियों की है यही हाल




# व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाकर की लाखों की ठगी

**प्रयागराज।** लूकरगंज के रहने वाले अधिवक्ता रविंद्र कुमार गुप्ता व्हाट्सएप ग्रुप पर रुपए निवेश करने के चक्कर में लाखों रुपए गवां बैठे हैं। उन्होंने अपने मित्र मीरापुर निवासी संदीप केसरवानी के खिलाफ कोतवाली में धोखाधड़ी, धमकी, अमानत में खयानत और ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को बताया कि उनके मित्र संदीप ने 2019 में 16 व्यक्तियों का व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बनाया था, जिसमें हर व्यक्ति को 20 हजार रुपये जमा करना था। 16 महीने पूरा होने पर उसे 3 लाख 20 हजार रुपये मिलना था। अधिवक्ता ने दोस्त के कहने पर समूह ज्वाइन कर लिया और हर महीने 20 हजार जमा करते रहे। आरोप है कि जब समय पूरा हो गया तो उन्होंने रुपए मांगा, लेकिन सर्राफ संदीप ने रुपए नहीं लौटाए। कहा कि सब कुछ फर्जी मैसेज है। यह भी आरोप है कि रुपए मांगने पर अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी गई। अधिवक्ता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है।

# मंझे की चपेट में आने से सपा महानगर अध्यक्ष का बेटा हुआ जख्मी

**अखंड भारत संदेश**



मंझे से घायल मोहम्मद अब्बास हुसैन

**प्रयागराज ।** शहर में नूरुल्लाह रोड पर मंगलवार दोपहर मंझे की चपेट में आने से सपा महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन के बेटे मोहम्मद अब्बास हुसैन का गला जख्मी हो गया। अस्पताल में डाक्टरों ने रक्तस्राव रोकने के लिए नौ टांके लगाए। इस घटना से परिवार में ईद की खुशियों में खलल पड़ गया।इफ्तेखार हुसैन शहर के करेली इलाके में गौस नगर मोहल्ले में परिवार के साथ रहते हैं। उनका पैतृक निवास फूलपुर के शाहापुर गांव में है। बेटा अब्बास विधि का छात्र है। बताया जाता है कि ईद के मौके पर अब्बास मंगलवार को गांव गया था। वहां नमाज अदा करने के बाद बाइक पर वापस घर आ रहा था। खुल्दाबाद चौराहे के आगे नुरुल्लाह रोड पर पहुंचते ही उसके गले में मंझा फंस गया। इससे गले में घाव हो गया और खून बहने लगा। यह देख उसके साथ मौजूद दोस्त सौरभ और अन्य साथी अब्बास को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने इलाज करते हुए नौ टांके लगाए। कुछ देर बाद सपा महानगर अध्यक्ष समेत तमाम सपा कार्यकर्ता भी पहुंच गए।घटना पर सपाइयों ने नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि प्रतिबंध के बावजूद शहर में खतरनाक मंझे की बिक्री और उपयोग पर अंकुश नहीं लग रहा है। इससे पहले भी मंझे की चपेट में आने से कई लोग जख्मी हो चुके हैं। एक महिला रेलवे कर्मचारी और छात्र समेत चार लोगों की मंझा से गला कटने पर मौत हो चुकी है।

# हाईकोर्ट के 13 अधिकारियों को मिली पदोन्नति

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के छह और निजी सचिव सेवा संवर्ग के सात अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। महानिबंधक आशीष गर्ग की अधिसूचना के अनुसार क्षमानंद पांडेय को संयुक्त निबंधक से निबंधक पद पर, अवनीश जायसवाल को उप निबंधक से संयुक्त निबंधक पद पर, विवेक श्रीवास्तव को सहायक निबंधक से उप निबंधक पद पर, शिखा श्रीवास्तव को अनुभाग अधिकारी से सहायक निबंधक के पद पर और सैयद जावेद हुसैन, साक्षी ग्रोवर उर्फ ज्योति बेदी (लखनऊ) को समीक्षा अधिकारी के पद से अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है।वहीं, एक अन्य अधिसूचना के अनुसार संजय प्रताप सिंह (लखनऊ) को उप निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी तीन के पद से संयुक्त निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी चार, नरेंद्र सिंह, संदीप भट्टाचार्य को सहायक निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी दो के पद से उप निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी तीन, अनिल कुमार पटेल, शहनाज बानो (लखनऊ) को निजी सचिव श्रेणी एक के पद से सहायक निबंधक सह निजी सचिव श्रेणी दो, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, नोमान अहमद को अतिरिक्त निजी सचिव से निजी सचिव श्रेणी एक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है।उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने पदोन्नति प्राप्त करने वाले अधिकारियों को बधाई दी है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की है।

# शांति व सौहार्द के साथ बीता ईद का त्योहार

## ईदगाह व मस्जिदो में अता की गई ईद की नमाज, घर-घर पहुंचकर दी गई ईद की मुबारकबाद



ईदगाह में नमाज अता करते रोजेदार



ईदगाह में डीएम, एसपी से भी मिलते प्रमुख लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद में शाति व सौहार्द के साथ खुशियो की ईद मनायी गयी। भुलियापुर स्थित ईदगाह व विभिन्न मस्जिदो में प्रातःकाल ईद की नमाज अदा कर अमन में शांति के लिए दुआ मांगी गई। उसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। ईदगाह में सबसे ज्यादा भीड़ थी। वहां ईद की व्यवस्था देखने के लिए डीएम डा. नितिन बसंल, एसपी सतपाल अंतिल पहुंचे थे। इसके अलावा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, पूर्व विधायक मुन्ना यादव, मो. अनीस सहित बड़ी संख्या में प्रमुख नागरिक व बच्चे ईदगाह पहुंचे थे। ईदगाह में मेला लगा हुआ था जिसका बच्चो ने खुब लुत्फ उठाया। इसके अलावा नगर की जामा मस्जिद, अबुल कलाम मस्जिद, शेख जी मस्जिद, गुलशने मदीना, चांदतारा मस्जिद, कचहरी मस्जिद व बेगमवार्ड की मस्जिद में ईद की नमाज अता की गई। खासबात यह थी कि सभी ने मस्जिद के अंदर नमाज अता की। बाद में हर घर में सेवई खाने और खिलाने का दौर शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा।

## पट्टी में ईद उल फितर पर जश्न का माहौल, ईदगाह मस्जिद में पढ़ी गई नमाज ,एक दूसरे को गले लगाकर दी गई शुभकामना

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** मंगलवार को पट्टी नगर में ईद उल फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया । पट्टी नगर रायपुर रोड पर स्थित ईदगाह पर अकीदतमंदों ने नमाज आता किया और अमन चैन के लिए मन्नत मांगी गई। ईद उल फितर के अवसर पर पट्टी नगर में सुबह से ही मुस्लिम भाइयों में उत्साह पूर्ण उल्लास दिखाई दिया। शासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चैबंद करने के लिए पूरी तैयारी कर रखी कि किसी प्रकार की अराजकता ना फैले और सकुशल ईद का त्यौहार संपन्न हो । इसके लिए पुलिस महकमा पूरी तरीके से मुस्तैद था। पट्टी नगर में नमाजियों ने प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए पट्टी नगर रायपुर रोड पर मस्जिद में नमाज अता किया तो वही विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई।

**सकुशल और शांति से अता की गई नमाज**

पट्टी नगर रायपुर रोड पर ईदगाह में अकीदतमन्दों ने नमाज आता किया। शांति और प्रेम तथा भाईचारे का संदेश देते हुए एक दूसरे को गले लगाते हुए मुस्लिम भाइयों ने अमन और चैन का संदेश दिया।

## शान ए शौकत के साथ मुस्लिम भाइयों ने मनाया ईद उल फितर का त्योहार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के परियावां, मुरस्सापुर, बाजिदपुर,अस्थान, जनवामऊ, कालाकांकर, आलापुर में मंगलवार को मुस्लिम भाइयों ने मस्जिद व दरगाह में सुबह की नमाज अदा कर ईद उल फितर का त्योहार बड़ी सादगी के साथ अकीकत मंद लोगो ने मनाया नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद देते हुए गले मिले और देश के लिए अल्लाह से अमन चैन की दुआ भी मांगी।परियावां ईदगाह में हाफिज समसुल आरफीन ने समयानुसार सुबह मुस्लिम भाइयों को ईद की नमाज अदा कराई जिसमे छोटे छोटे मुस्लिम बच्चे भी शरीक हुए। ईदगाह के पास सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नवाबगज पुलिस भारी संख्या में मौजूद रही।परियावां के पसमांदा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सपा सरकार के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अनीस अहमद मंसूरी भी लखनऊ आवास से अपने पैतृक घर परियावां पहुँचकर सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारक बाद दी जिसमे मिलने वालों का तांता लगा रहा।

## आबादी की जमीन को लेकर दंपत्ति को आरोपियों ने लाठी से मारपीट कर किया जख्मी, पीड़ित का टूटा दांत, थाने में दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन को लेकर विवाद के चलते एक दंपत्ति को पड़ोसी आरोपियों ने जमकर मारा पीटा पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली पहुंचकर के आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के बीवीपुर बारडीह गांव की रहने वाले राम कुमार वर्मा पुत्र राम फकीर का अपने पड़ोसियों से आबादी की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था ।जिसको लेकर कई बार दोनों पक्षों में कई बार तनातनी भी हुई । मामला पंचायत से सुलझाने के लिए मंगलवार की दोपहर 2.00 बजे पंचायत बुलाई गई थी। पट्टी कोतवाली पहुंचे पीड़ित का कहना है कि मामले में जब पंचायत ने अपना फैसला सुना दिया तो उसके बाद आधा दर्जन आरोपी एक राय होकर दोनों को लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा । जिससे रामकुमार को काफी चोटे आई और उसका दांत टूट गया । वही उसकी पत्नी को भी काफी चोटें आई हैं। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर उसका सामान तोड़ डाला पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी गढ़ दबंग व सरहंग किस्म के हैं जो कि आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं । पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है । पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।




भगतपुर में जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम का पूजन करते अनुयायी।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, विभूतियों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** भगवान परशुराम की जयन्ती पर मंगलवार को क्षेत्र में विविध आयोजनों की धूम रही। डभियार के समीप भगतपुर तिराहे पर ब्राम्हण महासभा भारत के तत्वाधान में भगवान परशुराम मंदिर के निर्माण की वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आधारशिला भी रखी गयी। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति द्वारा कई विभूतियों को ब्राम्हण गौरव सम्मान भी प्रदान किया गया। जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ संयोजक एवं संस्था के जिलाध्यक्ष डा. शशिधर तिवारी व वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश तिवारी एवं समाजसेवी प्रमोद तिवारी के द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पार्जन व आरती वंदन के द्वारा किया गया।

प्रख्यात लोकगायक अमर बेदर्दी के सांस्कृतिक दल ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर मनोहारी आध्यात्मिक गीत व संगीत की श्रृंखला से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्राम्हण महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने राष्ट्र निर्माण व सामाजिक संरचना में ब्राम्हणों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान परशुराम के द्वारा अनीति के संहार पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं. शिवशंकर तिवारी ने अक्षय तृतीया के महात्म्य पर प्रकाश डाला। संचालन आचार्य पं. सूर्यमणि शुक्ल ने किया। कार्यक्रम को संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष पाण्डेय, विजय मिश्र बॉबी, अंजनी अमोघ, अरूणकृष्ण त्रिपाठी, ने भी संबोधित किया। संचालन आचार्य सूर्यमणि शुक्ल ने किया। इस मौके पर फूलचंद्र पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, पं. हरिहर प्रसाद, पं. चंद्रमौलि शुक्ल, पं. शिवकुमार शर्मा आदि रहे। वहीं बाबा घुइसरनाथ धाम में अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार द्वारा भगवान परशुराम जयंती समारोहपूर्वक मनाई गयी। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम क्रोधी ने ब्राम्हणों को आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा तथा दीक्षा व संस्कार तथा चरित्र के प्रति जागरूक बनाये जाने का आहवान किया। इस मौके पर रमाकांत मिश्र, देवी प्रसाद शुक्ल, पवन मिश्र प्रखर, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, बृजेश तिवारी, जगदीश मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, त्रिभुवन तिवारी, अरूण तिवारी आदि रहे।

## अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम जयंती का पर्व लोगो ने मनाया

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां प्रतापगढ़।** अक्षय तृतीया व श्री विष्णु जी के आवेशावतार ज्ञान तप के प्रतीक भगवान परशुराम जी की जयंती दोनों पर्व एक साथ पड़ने पर मंगलवार को श्रद्धालुओ ने कालाकांकर के पवित्र गंगानदी में स्नान कर परिवार की सुख समृद्धि की ईस्वर से कामना किया ।स्नान के बाद महिलाओं ने गंगातट किनारे बालू की शिवलिंग बनाकर उसकी विधवत पूजन अर्चन किया और उसके बाद शिव लिंग पर जल अर्पित कर उसे प्रवाह किया गंगातट किनारे स्थिति ठाकुर मन्दिर व बूढ़े शिवलिंग मन्दिर में पूजन अर्चन किया । भगवान परशुराम जयंती के पर्व पर समाज के लोगो ने भगवान परशुराम की चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरण किया और देश में सुख शांति की कामना किया।

# एसटीपी को शीघ्र चालू करने का एडीएम ने दिया निर्देश

## रामलीला मैदान नाले के बायोरेमिडियेशन का एसडीएम ने किया निरीक्षण



रामलीला मैदान नाले के बायोरेमिडियेशन का निरीक्षण करते एडीएम।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सई नदी में गंदा पानी नालो से न गिरे इसके लिए नगर पालिका विगत दो वर्षो से बायोरेमिडियेशन का कार्य नगर के चार नालो पर कर रही है। रामलीला मैदान नाले के बायारेमिडियेशन का कार्य आज मंगलवार को अपरजिलाधिकारी मुकेश चन्द्रा ने नगर पालिका के अधिशासी मुदित सिंह के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण में शामिल नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका सई नदी में प्रदूषित जल रोकने के लिए वर्ष 2020 से ही प्रयास कर रही है। इसके लिए नगर के चार नालो रामलीला मैदान नाला, सदर बाजार व भुलियापुर तथा चकवनतोड़ नालो के पानी को शुद्ध करने के लिए बायोरेमिडियेशन का कार्य कर रही हैं। वहां पर बनी एसटीपी खराब रहने पर एडीएम ने कहा कि एसटीपी को जल्दी ठीक किया जाय। बता दे कि एसटीपी ठीक हो जाने पर बायारेमिडियेशन का काम बंद हो जाएगा। इस बारे में अधिशासी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि नगर के चार नाले रामलीला मैदान, सदर बाजर बेल्हा देवी, भुलिया पुर व चकवनतोड़ के गंदे नाले का पानी सई नदी में गिरता रहा है। नाले के दूषित जल को शुद्ध करने के लिए नगर पालिका बायोरेमिडियेशन का कार्य कर रही है। एडीएम ने कहा कि जल्दी से जल्दी एसटीपी को ठीक किया जाना चाहिए। बताया जाता है कि एसटीपी ठीक हो जाने से पहले तीन नालो को जोड़ा जाएगा और यदि एसटीपी ठीक ढंग से कार्य किया तो चैथे नाले को भी जोड़ दिया जाएगा। तब नगर पालिका बायोरेमिडियेशन का कार्य बंद कर देगी।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख को देखते हुये थाना नवाबगंज के उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह अपने हमराही के साथ क्षेत्र चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के आलापुर तिराहे से मुखबिर की खास सूचना पर अंकित यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी चक पुरवा हिनाहूँ थाना नवाबगंज, जनपद प्रतापगढ़ को चोरी की एक अदद टीवीएस अपाची मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया जिस पर गलत नम्बर अंकित था जिसे गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया ।पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 69/2022 धारा 411, 420, 465, 468, 471 भादंवि का अभियोग पंजीकृत किया । गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उक्त मोटर साइकिल उसने श्रृंगेश्वर धाम जनपद प्रयागराज से चोरी की थी जिसका नम्बर प्लेट बदल कर गलत नम्बर प्लेट लगाकर चलाता था। आज पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया ।इस संबंध में थाना नवाबगंज, जनपद प्रयागराज में मु0अ0सं0 113/2022 धारा 379 भादंवि का अभियोग पंजीकृत है ।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ ने पूरे प्रदेश में परचम लहराया

**अखंड भारत संदेश**



पीपी शैलेन्द्र कुमार मिश्र प्राचार्य।

**प्रतापगढ़।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दिनाँक-25 मई से लेकर 31मई 2022तक एन एल खान महिला महाविद्यालय पश्चिम मेदनीपुर ( पश्चिम बंगाल ) में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ का चयन किया गया है ।इस शिविर में महाविद्यालय के 5छात्र एवं5छात्रायें कार्यक्रमाधिकारी-डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र के नेतृत्व में सहभागिता करेंगे, जिनके आवागमन तथा आवास भोजन व्यय भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा ।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो0 डॉ शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रमाधिकारी द्वय डॉ सीमा त्रिपाठी तथा डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र को बधाई एवं शुभकामना दी। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष-डॉ बीरेंद्र कुमार मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं मुक्त कंठ से दी ।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य आफिस में एक बैठक और पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिससे महाविद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण रहा ।बैठक में महाविद्यालय के डॉ राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, डॉ ऋचा सुकुमार, डॉ आलोक दुबे,डॉ वाचस्पति मिश्र, डॉ संतोष कुमार मिश्र, डॉ निशान्त पांडे, डॉ अभिषेक पांडे, डॉ ऐश्वर्य तिवारी, डॉ प्रियंका शुक्ला, श्री वज्र घोष ओझा, श्री अरविंद मौर्य, श्री संतोष दुबे, आदि सभी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# गणेश परिक्रमा कर पूरी कर रहे है सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी

## रसोईया या गुरू जी के सहारे है स्कूलों की सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकार भले ही स्वच्छता मिशन में चार चांद लगाने के लिए रात-दिन प्रयासरत हो लेकिन ब्लाक स्तर पर बैठे जिम्मेदार लोग अपने कर्तव्यों से मुँह मोड़ रहे है। जिस वजह से गांव व बाजार की गलियां गंदगी में शुमार है ।वहीं कुछ सफाई कर्मी तो ब्लाक अधिकारियों की परिक्रमा करके ही अपनी डयूटी पूरी कर रहे है।

स्थानीय विकास खण्ड के कुछ गाँवो को छोड़ दिया जाए तो बाकी गाँवों में सफाई कर्मी की तैनाती है लेकिन इनके मनमानी रवैया से गाँव की गलियों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है वही स्कूलो की सफाई गुरु जी करें या भिर रसोईयां। ग्रामीणों की शिकायत के बाद कोई भी सुनने को राजी नही है। विकास खण्ड में कुल 57 ग्राम पंचायतें है जिसमें 97 राजस्व गाँव है ।अब इन गांवों को स्वच्छ रखने के लिए 75 सफाई कर्मचारियों की तैनाती है। इसमें तो कुछ विकास खण्ड के अधिकारियों की सेवा में लगा दिए गए है। वही देखा जाए तो सफाई कर्मी की संख्या पंचायतों के हिसाब से तो अधिक है लेकिन राजस्व गाँव की संख्या से कम है। फिलहाल मधुकर पुर,बेनीपुर,देवापुर व लखनसेन पुर समेत कई गाँव में तो नियुक्ति ही नही हुई है यहां पर स्थित विद्यालय व गाँव की सफाई गुरु जी व ग्रामीणों के सहारे है ।लेकिन जिस गाँव में सफाई कर्मी की नियुक्ति है वहां की भी सफाई ग्रामीणों के ही भरोसे है ।अब किसे दोषी कहा जाए ।प्रधान सचिव को तो सचिव प्रधान को ठहराते है जिम्मेदार ।इस तरह गाँवो की सफाई तो दूर की बात है अधिकतर गाँवो मे तो लोगों को जानकारी ही नही है कि उनके यहां कौन सफाई कर्मी नियुक्ति है।

### ब्लाक में अधिकारियों की आवाभगत में ही लगें रहते है कर्मी

इस संबंध में एड़ीओ पंचायत ने बताया कि सफाई कर्मी जिस गाँव में है उनके कार्यो की रिपोर्ट प्रधान व सचिव देता है। अब वह सही तरीके से कार्य नही कर रहे है तो प्रधान व सचिव को कार्यवाई के लिए लिखना चाहिए।

## बारात आने पर आरोपी दे रहा है जान से मारने की धमकी, पीड़ित ने थाने पहुंच कर दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** बहन की बारात आने पर आरोपी गोली से उड़ा देने की धमकी दे रहा है । डरा सहमा युवक इस मामले में पट्टी कोतवाली पहुंचा और थाने में तहरीर देकर बारात में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस बल की मांग की है। वहीं पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है । पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बरहूँपुर गांव का रहने वाला हौसिला प्रसाद पुत्र बुधराम पट्टी कोतवाली पहुंचा और शिकायती पत्र देकर उसने बताया कि उसके पड़ोसी से उसका कुछ पुरानी रंजिश चल रही है। जिसके लिए कई बार दोनों पक्षों में तकरार भी हुई है।

पीड़ित का कहना है कि उसके बहन की शादी बुधवार को है । लेकिन पड़ोसी आरोपी दबंग किस्म का है। मंगलवार की दोपहर उसने एलानिया धमकी दी है कि अगर उसकी बहन की बारात आई तो वह गोली से उड़ा देगा और किसी भी हालत में शादी नहीं होने देगा । उसने पूरे परिवार को धमकी देकर मामले में डराया और धमकाया है। जिससे पीड़ित डरा व सहमा हुआ है। मंगलवार की दोपहर वह पट्टी कोतवाली पहुंचा और मामले में आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर विवाह सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस फोर्स तथा आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है । पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## स्थगन आदेश के बावजूद भी आरोपी कर रहे थे जमीन पर कब्जा, मना करने पर वृद्ध महिला को पीटा, बेटे के साथ पहुंची थाने

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** न्यायालय से स्थगन आदेश के बावजूद भी आरोपियों द्वारा विवादित जमीन पर कब्जा करने से रोकने पर एक वृद्ध महिला को आरोपियों ने लात-घूसों से जमकर मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आई । पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में अपने बेटे के साथ पहुंचकर के आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस शिकायत लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर गांव की रहने वाली बदामा देवी पत्नी मंगरु मंगलवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंची उसने बताया कि उसके पड़ोस में उसकी आबादी की जमीन को लेकर उसके पड़ोसियों से पुराना विवाद होता आ रहा है । उसने बताया कि जमीन का मामला प्रतापगढ़ न्यायालय अपर सिविल जज के यहां चल रहा है। जिसमें स्थाई निर्माण पर प्रतिबंध लगाते हुए स्थगन आदेश दिया गया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि मंगलवार की दोपहर उसके पड़ोसी विवादित जमीन पर ईट पत्थर से निर्माण करने लगे पीड़ित महिला पहुंची और उन्हें ऐसा करने से रोकने लगी तो आरोपी एक राय होकर पीड़ित महिला उसे जमकर मारपीट हो गई।

## रंजिश में विवाहिता को पड़ोसी महिलाओं ने पीटकर किया जख्मी

**पट्टी प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी महिलाओं ने एक विवाहिता को जमकर मारा पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मार डालने की धमकी दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में रोते हुए पट्टी कोतवाली पहुंची और थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है ।पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बिरौती मनोरिक पुरवा गांव की रहने वाली मनीषा पत्नी देवराज मंगलवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंची शिकायती पत्र देकर उसने आरोप लगाया कि उसका पति देवराज रोजगार के सिलसिले में सूरत रहता है ।वह घर में अकेले रहती है उसने बताया कि मंगलवार को वह खेत से घास काटकर घर लौटी तो उसके पड़ोसी महिलाओं ने पुरानी रंजिश की वजह से उसे जमकर मारा पीटा । उसके बाल खींच करके लात घूसों से उसे पीटा गया। शोर-शराबा करने पर आसपास के लोग दौड़े तो पड़ोसी महिलाओं ने उसे छोड़ दिया लेकिन धमकी दिया की शिकायत करने पर उसे जान से मार दिया जाएगा । पीड़ित महिला कोतवाली पहुंची और इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वही शिकायती पत्र लेने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# भरवारी और उसके आसपास ईदगाह में अकीदत से अदा की गई ईद की नमाज

## शांति पूर्वक नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी



ईद पर नमाज अदा करते लोग



भरवारी नगर में ईद की मुबारकबाद देते लोग

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी और उसके आसपास के क्षेत्र में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई है ईद के पर्व पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही ईद की नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और ईद की बधाई दी रोजेदारों का आखिरकार वो वक्त आ गया जिसका बेसब्री से इंतजार था। और मगलवार को ईद फित्र अजहा की धूम रही। सुबह होते ही नगर और गांव के लोग नमाज के लिए नहाकर नए-नए लिबास पहन कर ईदगाह और मस्जिदों के लिए निकल पड़े।

इसी क्रम में भरवारी में सुबह 8:30 बजे नमाज अदा की गई ईदगाह और मस्जिदों मे एकत्रित हुए लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। मुल्क की तरक्की, बेहतरी आपसी भाई चारे कायम रखने के लिए दुआ की गई। दुआ के बाद सलातो-सलाम पढ़ा गया।नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। और भी कई जगह नमाज पढी गई रोही कोखराज सिरियावा कशिया के ईदगाह में पहुंच कर शांति पूर्व नमाज अदा की गई नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर समाज वादी के पूर्व जिला महासचिव गुलाम हुसैन पूर्व चेयरमैन एवम पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कैलाश केशरवानी मुस्ताक अहमद शमीम अहमद मोइन अहमद मुन्नान भाई गुड्डू सभासद मनोज सभासद सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी है अमन चैन और ईद की कुशलता को लेकर चौकी इंचार्ज अविनाश तिवारी पुलिस फोर्स के साथ लगातार मस्जिद ईदगाह का भ्रमण करते रहे ईद के पर्व पर नगर क्षेत्र में तमाम सक्षम अधिकारी भी मौजूद रहे।

## झंडापुर में ईदगाह मे ईद की नमाज अकीदत से अदा कि गई और अमन चैन की मांगी गई दुआ



**कौशाम्बी।** सिराथू क्षेत्र के झंडापुर गाँव में रोजेदारों का आखिरकार वो वक्त गया जिसका बेसब्री से इंतजार था। और मगलवार को ईद फित्र अजहा की धूम रही। सुबह होते ही गाँव के लोग नमाज के लिए नहाकर नए-नए लिबास पहन कर ईदगाह, और मस्जिदों के लिए निकल पड़े।इसी क्रम में झंडापुर में मौलाना असलम ने सुबह 8:30 बजे नमाज अदा की गई । ईदगा मे एकत्रित हुए गाँव के लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। मुल्क की तरक्की, बेहतरी आपसी भाई चारे कायम रखने के लिए दुआ की गई। दुआ के बाद सलातो-सलाम पढ़ा गया।नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। और भी कई जगह नमाज पढी गई ,शहजादपुर, गुलामीपुर नंदमई, मन मऊ, खोंरांव,के ईदगाह में पहुंच कर शांति पूर्व नमाज अदा की गई नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

## चायल चौकी के सिपाहियों ने बच्चों संग मनाई ईद



**चायल कौशाम्बी।** यूपी पुलिस में कुछ ऐसे भी जो लोग जाति धर्म को छोड़ कर हिंदुस्तान में रहने वाले सभी धर्मो को साथ लेकर चलने का काम करते है ऐसा ही मामला पिपरी थाना क्षेत्र की चायल चौकी में तैनात नितेंद्र बघेल आरक्षी का है नितेंद्र बघेल ने ईद के त्यौहार पर चायल कस्बा के छोटे-छोटे बच्चों के साथ ईद का त्यौहार मनाया और बच्चों को चॉकलेट वितरण कर सभी को अच्छे से ईद का त्यौहार मनाने की हिदायत दी उन्होंने एकता का मिसाल कायम किया। दूसरी कड़ी में चायल चौकी इंचार्ज आलोक सिंह अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर शांति पूर्वक ईद मानने की पहल भी किए है।

## मुरतगंज और उसके आसपास के ईदगाहों मे अकीदत से अदा की गई ईद की नमाज

**इमामगंज कौशाम्बी।** मूरतगंज क्षेत्र के सकाढ़ा मूरतगंज महगाव बजहा धन्नी बड़ेगाव असतुल्ला गंज वा आसपास के क्षेत्र में अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई है ईद के पर्व पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही क्षेत्राधिकारी और उप जिला अधिकारी लगातार भ्रमण पर रहे ईद की नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और ईद की बधाई दी रोजेदारों का आखिरकार वो वक्त आ गया जिसका बेसब्री से इंतजार था। और मगलवार को ईद फित्र अजहा की धूम रही। सुबह होते ही गांव के लोग नमाज के लिए नहाकर नए-नए लिबास पहन कर ईदगाह और मस्जिदों के लिए निकल पड़े। इसी क्रम में सुबह 8:00बजे नमाज अदा की गई ईदगाह और मस्जिदों मे एकत्रित हुए लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। मुल्क की तरक्की, बेहतरी आपसी भाई चारे कायम रखने के लिए दुआ की गई। दुआ के बाद सलातो-सलाम पढ़ा गया।नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। और भी कई जगह नमाज पढी गई लोहरा, सैयदसरावां, बड़ेगांव, सकाढ़ा, रसूलपुर के ईदगाह में पहुंच कर शांति पूर्व नमाज अदा की गई नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी ईद के मौके पर महफूज अहमद,सगीर अहमद,चंड बाबू,फरीद खा,सनी,शौकत अली,यार मोहम्मद,सकील अहमद, करन सिंह सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी है अमन चैन और ईद की कुशलता को लेकर चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ लगातार मस्जिद ईदगाह का भ्रमण करते रहे ईद के पर्व पर नगर क्षेत्र में तमाम सक्षम अधिकारी भी मौजूद रहे।

### चाकवन के आसपास ईदगाहों मे अकीदत से अदा की गई ईद की नमाज

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना के प्रभारी के कुशल नेतृत्व में कोखराज क्षेत्र के सभी ईदगाहों में पुलिस की सुरक्षा में शान्ति पूर्ण ढंग से अकीदत के साथ ईद की नमाज अदा की गई है ईद के पर्व पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही ईद की नमाज अदा करने के बाद लोग एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी रोजेदारों को जिस बेसब्री से ईद का इंतजार था आज मगलवार को ईद फित्र अजहा की धूम सुबह होते ही गांव के लोग ने नमाज के लिए नए-नए लिबास पहन कर ईदगाह और मस्जिदों के लिए निकल पड़े। कोखराज क्षेत्र के चाकवन रूपनारायणपुर सैलाबी राला आदि गाँवो में सुबह 8:00 बजे नमाज अदा की गई ईदगाह और मस्जिदों मे एकत्रित हुए लोगों ने एक साथ ईद की नमाज अदा की। मुल्क की तरक्की, बेहतरी आपसी भाई चारे कायम रखने के लिए अल्लाह से दुआ की गई। दुआ के बाद सलातो-सलाम पढ़ा गया।नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।ईदगाह में पहुंच कर शांति पूर्वक नमाज अदा की गई नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी क्षेत्र के सब्बर रिजवी,अकरम,सब्बन, एकरार अहमद,इलियास अहमद, अलाउद्दी, सरफराज आलम,आदि तमाम लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी है अमन चैन और ईद की कुशलता को लेकर एसओ कोखराज गणेश प्रशाद सिंह पुलिस फोर्स के साथ लगातार मस्जिद ईदगाह का भ्रमण करते रहे ईद के पर्व पर क्षेत्र में पुलिस बल व अधिकारियों का भ्रमण लगातार होने से सकुशल ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया गया।

### ईद पर अधिकारियों ने किया भ्रमण



**कौशम्बी।** अपर जिला अधिकारी जय चन्द्र पाण्डेय अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर प्रखर उत्तम क्षेत्राधिकारी मंझनपुर योगेन्द्र कृष्ण नारायण इंस्पेक्टर सुभाष यादव के साथ आगामी त्यौहार की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत करारी कस्बा के ईदगाह सहित मस्जिदों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही मस्जिदों के मौलवियों से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की।

## न्यूज झरोखा

### भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने सौपी संजय यादव और नमो मिश्रा को जिले की कमान



**कौशांबी।** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट ने कौशाम्बी जिले के नए कमेटी का गठन किया जिसमे संजय यादव को मेन बॉडी का जिला अध्यक्ष बनाया गया है तो दूसरी तरफ तेज तर्रार युवा नेता नमो मिश्रा को युवा बाडी का जिला अध्यक्ष बनाया गया है।युवा नेता नमो मिश्रा काफी तेज तर्रार नेता है और सदैव किसान के हित की लड़ाई लड़ते रहते है।इनके जिला अध्यक्ष बनने से युवा पीढ़ी में खुशियों की लहर दौड़ रही है।

### भदंत धम्म मित्र का निधन



**कौशाम्बी।** धम्म मित्र बुध विहार कौशांबी के संस्थापक पूज्य धम्म मित्र के आकस्मिक देहावसान हो गया है उनका देहावसान की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है इस मौके पर बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष गौतम समेत तमाम राजनैतिक दल के नेता भी पहुंचे हैं और शोक संवेदना व्यक्त किया है भाजपा नेता संतोष गौतम ने कहा कि भदंत धम्म मित्र के देहावसान की सूचना से स्तब्ध हूं तथागत भगवान बुद्ध की करुणा और मैत्री से पूज्य भदंत धम्म मित्र को सुगंति की प्राप्ति हो समस्त श्रद्धा वान उपासक/उपासिका को संबल प्राप्त हो। आपके वैचारिक परिवर्तन की क्रांति हम सबके बीच चिरकाल तक जीवित रहेगी।

## राह ताकते पथरा गई आंखें नहीं आई बारात!

### गोद भराई बयाना और शादी की तैयारियों में बेटी के पिता ने खर्च कर दिया साढ़े छह लाख रुपए

**पश्चिम शरीरा कौशाम्बी।** बेटी की शादी के पूर्व गोद भराई बयाना आदि का कार्यक्रम पूरा हो जाने के बाद बारात आने की तारीख 2 मई निश्चित की गई थी लेकिन बारात के दिन दूल्हा और उसका पिता बारात लेकर कन्या के घर नहीं पहुंचा जिससे कन्या का पिता परेशान हो उठा और उसने जब दूल्हे के पिता से फोन पर बातचीत की तो वह बारात लाने की बार बार बात कर कन्या पक्ष को परेशान करता रहा बारात के दिन कन्या पक्ष ने दान दहेज में देने वाले सामान और बारातियों के भोजन की व्यवस्था कर ली थी लेकिन बारातियों की राह देखते देखते कन्या पक्ष के लोगों की आंखें पथरा गई लेकिन कन्या पक्ष के घर पर बारात नहीं आ सकी जब दूसरे दिन कन्या के पिता ने दूल्हे के पिता से फोन पर बात किया तो उसने धमकी देते हुए संबंध तोड़ने की बात कही है जिससे पीड़ित कन्या के पिता ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर दूल्हे के पिता दूल्हा और उनके घर वालों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा के मजरा क्लासपार निवासी राम कृपाल के बेटे धीरेन्द्र कुमार की शादी चित्रकूट जनपद के मऊ थाना अंतर्गत हटवा गांव निवासी रमेश पासवान पुत्र नानका पासवान की बेटी के साथ रिश्ता तय हुआ था रिश्ता तय होने के बाद गोद भराई और बयाना का कार्यक्रम संपन्न हुआ बेटी के पिता का कहना है कि बयाना और गोदभराई के कार्यक्रम में 75हजार रुपए नगद एक सोने की जंजीर व अन्य सामानों में बड़ी रकम खर्च की गई है उसका कहना है कि शादी की तारीख 2 मई निर्धारित होने के बाद बारात आने की सारी तैयारी कर ली गई है बारातियों और कन्या पक्ष के लोगों के भोजन के प्रबंध कर लिए गए हैं संपूर्ण कार्यक्रम में लगभग साढ़े छह लाख रुपए से अधिक की रकम खर्च कर दी गई है कन्या के पिता रमेश पासवान का कहना है कि दूल्हे के पिता की दहेज की डिमांड और बढ़ गई जिस पर दूल्हे के पिता ने बारात लाने से इंकार कर दिया है पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कन्या के पिता ने कार्यवाही की मांग की है।

# बारात से लौट रहे दो बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर एक की मौत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझलपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा के पास बारात से वापस लौट रहे बाइक सवारों को भूसा लदे ट्रक ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति की मौत हो गई है और बाइक चालक गंभीर घायल है सूचना पाकर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मचा है मृतक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव के निवासी बताए जाते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव से बारात इसी थाना क्षेत्र के गौसपुर टिकरी गांव गयी है बारात में ऊनो गांव निवासी लल्लू सरोज उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र कलेंदर अपने साथी अनीस कुमार निवासी छब्बू का पूरा के साथ बाइक से गौसपुर टिकरी गांव बारात में शामिल होने गए थे बारात के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद बाइक सवार दोनों युवक मंगलवार की भोर 4:00 बजे बाइक से वापस अपने गांव ऊनो जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार टेवां पुलिस चौकी अंतर्गत किलनहाई नदी गौसपुर टिकरी के पास पहुँचे भूसा लाद कर जा रहे ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार

### हादसे में घायल बाइक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में किया गया भर्ती



सड़क पर गिर पड़े हादसे में लल्लू सरोज की घटनास्थल पर मौत हो गई है और उसके साथी अनीस को गंभीर चोटे लगी हैं सूचना पाकर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में घायल युवक को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे के बाद घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को दे दी है सूचना पाकर रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।


### घराती- बराती भिड़े, मौके पर पहुंची पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के टांडा ग्राम सभा में बीती सोमवार शाम राजा पुत्र शीतल सरोज निवासी इटावा ग्राम सभा टाण्डा स्वर्गीय मिश्रीलाल की पुत्री निशा के यहां बारात लेकर आया था 8:00 बजे रात को द्वारचार के दौरान जब समधी एक दूसरे को पानी पिलाते हैं इस दौरान लड़की पक्ष वालों ने लड़के पक्ष वाले के समधी को डिस्पोजल गिलास में पानी पीने को दे दिया इस वजह से बारातियों संग आई एक महिला ने जबरदस्त एतराज कर दिया महिला के हंगामे से घराती पक्ष के लोग स्टील के गिलास में पानी लेकर आये और पानी पिलाया लेकिन बरातियों संग आई तुनक मिजाज महिला ने किसी बात पर दुल्हन निशा के चाचा चिरौंजी लाल को एक थप्पड़ जड़ दिया जिस पर हंगामा हो गया घरातियों ने बारातियों पर डंडों की बौछार कर पटक पटक कर जमकर पीटा जिसमें 5 लोगों को चोटे आयी हंगामा मारपीट की सूचना पर चौकी इंचार्ज अझुवा गौरव त्रिवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर लड़ाई को समाप्त कराया और रात में ही चिरौंजी लाल तथा दूल्हे के भाई गिरजेश को चौकी उठा लाये सुबह दोनों पक्षों में किसी तरह सुलह समझौता करा दिया है मंगलवार सुबह 9 बजे के बाद शादी विवाह संपन्न हुआ वरपक्ष निशा को दुल्हन के रूप में 2 बजे विदा करा कर इटावा चले गए।

# जेई ने महिला उपभोक्ता से कहा कनेक्शन मुझसे जोड़ लो तुम्हारा बिल नहीं लगेगा

अखंड भारत संदेश

### बिजली विभाग की अवैध वसूली से बिधुत उपभोक्ता त्रस्त



विद्युत विभाग के जे ई से त्रस्त महिला बताती समस्या

**कौशांबी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण खंड की इकाई बालक मऊ पावर हाउस में तैनात अवर अभियंता की कारस्तानी से क्षेत्र की जनता त्रस्त है। अवर अभियंता द्वारा घरों में बिजली कनेक्शन होने के बाद भी उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर अवैध वसूली की जा रही है। अभियंता की अवैध वसूली का कई उपभोक्ताओं ने विरोध किया है। बालक मऊ पावर हाउस क्षेत्र के अंतर्गत बम्हरौली ग्राम सभा में 3000 की आबादी पर रेलवे लाइन के दक्षिण थोक में दलित बस्ती निवास करती है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बालक मऊ पावर हाउस में तैनात आर आर वर्मा द्वारा अवैध वसूली के लालच में कनेक्शन धारकों के खिलाफ उनके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर परेशान किया जा रहा है। महिला उपभोक्ता ने आरोप लगाया कि आर आर वर्मा द्वारा गलत शब्दों का प्रयोग करते हुए कहां की कनेक्शन मुझसे जोड़ लो तुम्हारा विल कभी नहीं लगेगा! महिला के विरोध करने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर पैसों की मांग की गई। जबकि पहले से उनके पिता के नाम कनेक्शन घर पर चालू है। वहीं पर कई ऐसे बिजली उपभोक्ताओं ने आरआर वर्मा की अवैध वसूली का विरोध किया है। उधर आर आर वर्मा द्वारा बिजली कनेक्शन कटवा कर अवैध वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं क्षेत्र में कई समरसेबल में जांच किया जाए तो 10 हॉर्सपावर की जगह में 12 व 15 हॉर्सपावर की मोटर चल रही है जिससे जेई ने उनसे अवैध वसूली कर मालामाल हो रहा है! जहां पर जेई के अवैध वसूली से बिजली अधिक मात्रा में दुरुपयोग हो रही है! आरोप है कि गांव के तीन चार लोग संविदा लाइनमैन के पद पर तैनात हैं। जो गांव के लोगों के विरुद्ध साजिश कर-के उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उनकी बिजली काट देते हैं। बिजली जोड़ने के नाम पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली कर उनका कनेक्शन जोड़ दिया जाता है। यदि उपभोक्ता पैसे नहीं देते हैं! तो उनकी बिजली नहीं जोड़ी जाती है। इससे बम्हरौली ग्राम सभा में तैनात 3 संविदा कर्मियों के कारनामों से लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर बरातियों ने गर्भवती समेत तीन को पीटा

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मछरौली गाव मे एक शादी समारोह मे जमकर मारपीट की वारदात सामने आई है। मारपीट के पीछे बरातियों द्वारा ग्रामीण महिलाओ से छेड़-छाड़ के चलते विवाद होना बताया जा रहा है। मारपीट की घटना मे एक गर्भवती महिला सहित दो पुरुष घायल हुए है। घटना मंगलवार बीती रात की है। घायल का इलाज जिला अस्पताल मे किया जा रहा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर प्रकरण की जाँच शुरू कर दी है। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के मछरौली गाव मे एक परिवार की बेटी की शादी सोमवार को थी। बीती रात आई बारात की अगवानी मे महिलाए रीति रस्म अदा कर रही थी। इसी दौरान कुछ बरातियों ने पड़ोस की ग्रामीण महिलाओ से छेड़-छाड़ शुरू कर दी फब्बतिया कसने का आरोप लगा महिलाओ ने पुरुषो को यह बात बताई। जिसमे नाराज बाराती ने एक बच्चे को थप्पड़ मार दिया। जिससे मामला बिगड़ गया और बरातियों और ग्रामीण के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना मे गर्भवती महिला सुनैना पति जगत नारायण, शिव बाबू, लखन घायल हो गए। सूचना पर पहुची स्थानीय पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा है। जहाँ डाक्टरों ने सुनैना की हालत गंभीर होने पर उसे भर्ती कर लिया जबकि शिव बाबू व लखन को सुबह छुट्टी दी दी है। इंस्पेक्टर रोशन लाल ने बताया, पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर मामले मे जाँच की जा रही है।

# धूमधाम से मनाई गई अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एक तरफ अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम से जिले में मनाई गयी है दूसरी तरफ पूरे जिले में ईदगाह और मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई और मुल्क के कल्याण की दुआ मांगी गई नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे के गले मिल कर मुबारक बाद दी गई शांति व्यवस्था के साथ पूरे जिले में सकुशल ईद की नमाज संपन्न हो गई है ईद की नमाज को लेकर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी उप जिला अधिकारी कोतवाल थानेदार चौकी इंचार्ज भारी पुलिस फोर्स के साथ मस्जिद और ईदगाह का भ्रमण करते रहे। अक्षय तृतीया पर्व और परशुराम जयंती का पर्व धूमधाम से मनाया गया है इस मौके पर गंगा और यमुना नदी में भक्तों ने स्नान कर देश के कल्याण की कामना की है सुख समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है अक्षय तृतीया के पर्व पर घर-घर भक्तों ने पूजा पाठ की है परशुराम जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया है उनकी पूजा-अर्चना की गई है।

## परशुराम जयंती पर पूजा पाठ के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

### अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में आयोजित किया गया परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम



**विजिया चौराहा कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के जाठी गांव में परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया गया है कार्यक्रम में भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर विधि-विधान से उनकी पूजा पाठ एवं हवन यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया गया है पूजा पाठ हवन यज्ञ के बाद भोजन प्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया गया है कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए हैं मंगलवार की सुबह परशुराम जयंती के अवसर पर जाठी गांव के हनुमान मंदिर में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद के पदाधिकारी एकत्रित हुए मौके पर तमाम ग्रामीण भी पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वाधान में परशुराम जयंती का भव्य आयोजन किया गया परशुराम जयंती के अवसर पर पूजा पाठ व हवन यज्ञ का आयोजन पूरे विधि विधान से किया गया कार्यक्रम आयोजन के अवसर पर सौरभ त्रिपाठी श्रवण मिश्रा अजय मिश्रा शैलेन्द्र अभय चौबे हरीश द्विवेदी भाजपा अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी पिन्टू द्विवेदी शशि कांत त्रिपाठी अमित त्रिपाठी अंकित त्रिपाठी दीपक पांडेय चरवा सुनील मिश्र अरविंद द्विवेदी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### ग्यारह अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अवैध तरीके से ओवलोड बालू गिट्टी वाहनों को अपने अपने मोबाइल फोन से मैसेज वाइस रिकार्डिंग के माध्यम से पास कराते हुए लोक सेवक के लोककृत्यों में बाधा पहुंचाने व लोक सेवक के लोककृत्यों के निर्वहन में भयोपरांत करने के लिए हमला अपराधिक बल का प्रयोग करने पर ग्यारह अभियुक्तों अभिजीत मिश्रा पुत्र धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी भरसवा थाना मंझनपुर अभिषेक कुमार त्रिपाठी पुत्र जितेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी निवासी भरसवा थाना मंझनपुर बृजेश कुमार केसरवानी पुत्र स्व० मिश्रीलाल निवासी गुलामीपुर थाना सैनी बुद्धीसागर पुत्र श्यामलाल निवासी अठसराय थाना सैनी मुकेश यादव पुत्र वासुदेय अली निवासी अलिहा थाना बिसण्डा जनपद बांदा आनन्द द्विवेदी पुत्र मुन्नालाल द्विवेदी निवासी भरथौल थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट विक्रम सिंह पुत्र रामप्रसाद यादव निवासी मछरिया थाना कर्बी जनपद चित्रकूट श्यामसुंदर मिश्रा पुत्र रमेशचन्द्र निवासी भरथौल थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट सौरभ कुशवाहा पुत्र रामगोपाल कुशवाहा निवासी बेड़ा पुलिया कर्बी थाना कर्बी जनपद चित्रकूट मो0 समीम पुत्र स्व0 कल्लू बक्स निवासी अमानपुर बेड़ी पुलिया थाना कोतवाली कब जनपद चित्रकूट अभिनय कुमार यादव पुत्र गौरीशंकर निवासी एसडीएम कालोनी कब थाना कर्बी जनपद चित्रकूट को पांच अदद चार पहिया वाहन व बारह अदद मोबाइल फोन मय चिटबन्दी के साथ व 4200 रुपये जमा तलाशी के साथ 02 मई 2022 के रात्रि में महेवाघाट पुल बैरियर थाना महेवाघाट से गिरफ्तार कर अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया हैं।

# नवागंतुक अवर अभियंता ने कस्बा में लगे सभी ट्रांसफार्मर का किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

### ट्रांसफार्मर के रख रखाव के संबंध में जानकारी ली



ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करते अवर अभियंता

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिक परिषद भरवारी के अंतर्गत कस्बा भरवारी में नवागंतुक अवर अभियंता ने पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ कस्बा में लगे सभी ट्रांसफार्मर के रख रखाव का स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही सभी कर्मचारियो को आगाह किया कि इससे पहले ट्रांसफार्मर में कोई खराबी आय उससे पहले उसकी कमी को तलाश करके तत्काल ठीक कराया जाए या किसी ट्रांसफार्मर में तेल की कमी है तो उसकी देखभाल कर उसमें तेल डलवाकर खराब होने से पहले ही ठीक कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही प्रत्येक कर्मचारी ड्यूटी के समय समय पास न करे वह खाली समय मे डीले पड़े जंफर यानी तार को ही टाइट करे तथा ट्रांसफार्मर के आसपास बड़ी बड़ी घास व पेड़ जम जाया करते है जिसके चलते पेड बड़े होकर तारो में जाकर छू जाया करते है जिससे विधुत आपूर्ति के समय पेड़ की डाल टकराकर फाल्ट हो जाता है उसकी भी साफ सफाई तत्काल करे ' वही उन्होंने पावर हाउस में दिए गये मोबाइल नंबर को डायल करने पर स्विच ऑफ बताने पर कर्मचारियो की क्लास लेते हुए बताया कि अब यह बहाना नही चलेगा कर्मचारी ने बताया कि मोबाइल बीएसएनएल का होने की वजह से नेटवर्क नही रहता इसपर उन्होंने एयर टेल का सिम दिलाते हुए कहा अब स्विच ऑफ का बहाना नही चलेगा लोगो ने इसकी शिकायत की थी 'मोबाइल स्विच ऑफ रहने के मामले को गंभीरता से लेते हुए अवर अभियंता ने कहा कि यह बहुत बड़ी शिकायत है इसको दूर करना ही परम कर्तब्य है ' इस मौके पर अवर अभियंता महेन्द्र कुमार वर्मा राम मोहन लाल जी राकेश कुमार साहब लाल मुज्जफर मिया आदि सभी कर्मचारी मौजूद थे।

## संपादकीय

# स्थानीय भाषा में कोर्ट का कार्य

**हाल** ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने कोर्ट को नसीहत देते हुए कहा कि स्थानीय लोगों की आवश्यकता को समझते हुए वे अपना कार्य स्थानीय भाषा में ही करें। यह कोई राजनैतिक ब्यान नहीं है, ना ही कोर्ट के ऊपर कोई व्यंग्य है अपितु मोदी जी का यह ब्यान बहुत ही दूरदर्शिता वाला है। जो कार्य देश की स्वतन्त्रता के बाद 1950 में संविधान बनाने के साथ ही लागू हो जाना चाहिए था अथवा कुछ समय बाद स्थानीय लोगों की मातृभाषा को समझते हुए तथा उनके स्तर को समझते हुए तो अनिवार्य रूप से लागू हो जाना चाहिए था, वह आज तक भी नहीं हो पाया है। यद्यपि मोदी जी के इस ब्यान के बाद अब लगता है कि भाषा को लेकर नई उम्मीदों को पंख लगने वाले है। भाषा विचार विनिमय का सबसे सरल, उपयुक्त साधन है, यदि विचार प्रकट करते हुए भी झिझक अथवा रुकावट के कारण मानसिक दबाव हो तो कभी भी सटीक विचार प्रकट हो ही नहीं सकते। यह केवल अपनी भाषा में ही संभव है।

**चीन में माओत्से तुंग ने दूरदर्शिता दिखाते हुए सभी चीनी स्थानीय बोलियों का विलय जबरनः** मंदारिन भाषा में कर दिया था, जिससे कि पूरे राष्ट्र में एक भाव आये। आज भी चीन की आधिकारिक भाषा मंदारिन में ही शिक्षा दी जाती है। वहां सेना की, वैज्ञानिकों की तथा न्यायालय की भाषा भी मंदारिन ही है। यूरोप के इटली, जर्मनी, फ्रांस आदि सभी देशों की अपनी-अपनी भाषा है। वे अपनी ही भाषा में शिक्षा के साथ-साथ अन्य सभी कार्य करते हैं। जापान की भाषा चीन की तरह क्लिष्ट होने पर भी जापानी राष्ट्र भाषा है। वहां अन्य किसी भाषा को कोई मान्यता नहीं है। इसीप्रकार इस्राइल में अरबी और अंग्रेजी का बोलबाला था किंतु लोगों की भावना को समझते हुए वहां की सरकार ने हिब्रू को राष्ट्रीय भाषा का स्थान दिया। आधुनिक समय में पहली बार हिब्रू को राजनीतिक इकाई की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया गया। यह जीयोनिस्ट आंदोलन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, जिसने हिब्रू को यहूदी लोगों की राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करने की मांग की थी। आज हिब्रू वहां की राष्ट्रीय भाषा है। यद्यपि भारत में भी आजादी के बाद से ही हिंदी को काम-काज की भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आवाज उठती रही है किन्तु 75 वर्षों के बाद भी हम विदेशी भाषा को ही ढो रहे हैं। शासन-प्रशासन एवं कोर्ट कचहरी की भाषा आज भी अधिकतम रूप में अंग्रेजी ही है तथा कचहरी में जमीन की रजिस्ट्रियां आज भी उर्दू भाषा में लिखी जाती है लिपि बेशक देवनागरी हो। जिसकी जमीन के कागजात है, उसे ही समझ में नहीं आते कि लिखा क्या है इनमें। बस! एक विश्वास हो जाता है कि यह मेरी जमीन का रिकार्ड है और मैं इसका वैध रूप से मालिक हूँ। अपनी जमीन की रजिस्ट्री पढ़ते हुए तथा प्रशासन के विभिन्न आदेश पत्रों को पढ़ते हुए ऐसा लगता है मानो हम हिंदुस्थान में नहीं अपितु किसी अन्य देश में रह रहे हैं। भाषा व्यक्ति के लिए अभिव्यक्ति का माध्यम है। वह बाल्यकाल से जिस परिवेश में सुन-बोलकर बड़ा हुआ है, उसकी शिक्षा-दीक्षा उसी स्थानीय भाषा में होनी चाहिए। किसी व्यक्ति पर भाषा का थोपा जाना उसको सजा देने जैसा है। गाँव में दो पडोसियों का जमीन को लेकर झगड़ा चल रहा था। बात बढ़ते-बढ़ते न्यायालय के द्वार जा पहुंची। न्यायालय में वकीलों की बहस सुनने के बाद जो निपटारा दो-चार महीनों में हो जाना चाहिए था, उसमें 18 वर्ष लगे। 18 वर्षों में 10-11 जज बदल गये और जब 18 वर्षों के बाद निर्णय की कॉपी मिली वह 40 पृष्ठों में अंग्रेजी में लिखी हुई थी।

# पेट्रोल-डीजल पर बयानबाजी

विनोद

पेट्रोल - डीजल व ईधन की राजनीति के पेतरें बाजी व प्रधान मंत्री की अपील पर केन्द्र सरकार की कमान सम्भालने के लिए स्वयं केंद्रीय मंत्री हरदीपपुरी ने सम्भालते हुए कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें 19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची है।केंद्र ने तो अपनी जिम्मेदारी ना ली बल्कि उत्पाद शुल्क मे कमी कर निभाई है।अब राज्यों की बारी' है।केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कोविड महामारी के बाद भी केंद्र सरकार जनता के लिए लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि अब राज्यों आगे आएं और इसकी जिम्मेदारी लें



**विश्व** के सबसे बड़े लोकतंत्र में इन दिनों कुछअच्छा नही चल रहा है! भारत राजनीति की दुर्दशा व दिशाविहीन होने से भारतीय राजनीतिज्ञ पंडित निराश है। वैश्विक महामारी कोरोना से अभी देश उभर भी नही पाया था कि सुरसा के मुहँ जैसी वेरोजगारी 'महेंगाई व ओछी राजनीति से जनता जनार्दन परेशान है। आप को याद होगा कि कुछ दिन पहले ही कोरोना के नये वायरस का प्रकोप फिर से दिखने लगा है। कोरोना संकमण के केसों मे आये दिनों वृद्धि देखने को मिल रही है। इस बाबत प्रधान मंत्री के द्वारा राज्यो की मुख्यमंत्री की बैठक विगत दिनों ऑन लाईन बैठक बुलाई थी। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों की इस बैठक के दौरान पेट्रोल और डीजल पर वैट टैक्स को लेकर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल में वैट टैक्स घटाकर जनता राहत नहीं देने वाले 7राज्यों के नाम लेकर उन्हें निशाने बनाते हुए जनता की बीच अपनी लोक प्रियता बनाने की कोशिस की। पी एम ने राज्य की जनता के मध्य एक ऐसा संदेश देने का प्रयास किया कि जनता कीजेब से पैसे निकाल कर गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकार द्वारा अपने राजकीय खजाने भरने की कोशिस कर रही है। पी एम ने कहा कि केंद्रसरकार ने विगत साल नम्बर महीने में ही ईंधन से उत्पाद शुल्क घटा लिया थाऔर राज्यों से भी वैट टैक्स को लेकर कटौती की अपील की थी।कुछ राज्यों ने तो आगे बढ़कर जनता की सेवा के लिए करों में कटौती कर दी लेकिन कुछ राज्यों ने अभी भी वैट में कटौती करने को नहीं तैयार हैं।पी एम मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि मैं किसी की व्यक्तिगतआलोचना नहीं कर रहा हूं,बल्कि महाराष्ट्र, पश्चिमबंगाल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु से वैट कम करने और स्थानीय लोगों को लाभ देने का अनुरोध करता हूं। प्रधानमंत्री ने गैरभाजपा शासित राज्यो के विपक्षी दलो की सरकार द्वारा तेल की ऊंची कीमतों के लिए केंद्र पर निशाना साध रहे हैं,मेरी समझ मे यह बात नही आ रही है कि सभी राज्यों में 100 रुपये का आंकड़ा पार कर गया है।आप को भी याद होगा कि केंद्र सरकार ने पिछले साल नम्बर माह में पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 5 रुपये,डीजल पर10 रुपये की कटौती की घोषणा की थी और राज्यों से ईंधन पर वैट में भी कमी करने की अपील की थी। प्रधानमंत्री की अपील पर तत्काल ही जहां कुछ बीजेपी शासित राज्यों ने इंधन पर कर कटौती की घोषणा की थी लैकिन कुछ राज्यों ने कर मे कटोती नहीं किये थे 'क्योकि राज्यो के पास वैट टैक्स कम करने से उनके राजस्व में कमी आती , जिसके कारण राज्य सरकार ने अभी तक ऐसा नहीं किया है।प्रधानमंत्री ने इस बैठक में उन राज्यों का नाम लिया और राज्य के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए वैट में कटौती करने को बल देते हुए कहा,कि महाराष्ट्र, पश्चिमबंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, झारखंड, तमिलनाडु ने किसी न किसी वजह से केंद्र सरकार की बात नहीं मानी और उन राज्यों के नागरिकों पर बोझ बना हुआ है। पिछले वर्ष नवंबर में ही ये किया जाना था,ताकि नागरिकों को वैट कम उसका लाभआपको लोगों को देना चाहिए था। प्रधान मंत्री के द्वारा दिये गये इस बयान पर विपक्षी भला कहा पीछे रहने वाले थें। उन्होंने अपना मजबुत पक्ष रखते हुए कहा कि राज्यो के हिस्से का जी एस टी की मोटी रकम केन्द्र सरकार के पास बकाया है।उधर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम मोदी ने पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क से 26 लाख करोड़ रुपये कमाए,लेकिन इसे राज्यों के साथ साझा नहीं किया उन्होंने कहा,"आपने राज्यों को जीएसटी का हिस्सा समय पर नहीं दिया उपर से हमे आप राज्यों से वैट को और कम करने के लिए कहते हैं। जब कि उन्हें स्वंय केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम करना चाहिए और बाद मै फिर दूसरों को वैट कम करने के लिए सलाह देनी चाहिए।पीएम मोदी के द्वारा उठा ये गये इस मुद्दे के बाद एक बार फिर से डीजल-पेट्रोल पर वेट पर बहस की राजनीति शुरू हो गयी है।आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी इसी के साथ शुरू हो गया है।डी एम के सांसद और महाराष्ट्र सी एम ने दी प्रतिक्रिया दी वहीं डीएमके सांसद टीकेएस एलनगोवन ने पेट्रोल पर वैट घटाने को लेकर केंद्र को जवाब दिया है। एलनगोवन ने कहा,पीएम मोदी सीधे तौर पर विपक्षी दलों की ओर से शासित राज्यों को पेट्रोल से वैट घटाने को कह रहे हैं।पीएम भाजापा शासित राज्यो गुजरात और कर्नाटक की राज्यों से टैक्स कम करने को कहते नही हैं। केंद्र सरकार द्वारा इकट्ठा किया गए टैक्स की मात्रा इन राज्यों के द्वारा इकट्ठा किए गए टैक्स की मात्रा का तीन गुना है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार एक ओर 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात तो करते हैं लेकिन संकट के समय में पी एम पी एस यू बेच रहे हैं।महाराष्ट्र सीएमओ की ओर से राज्यों से पेट्रोल डीजल पर वैट घटाने को लेकर कहा गया राज्य की जनता को राहत देने के लिए राज्य सरकार की ओर से नेचुरल गैस पर टैक्स राहत दी गई है। इसे बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस पर वैट को13.5फीसदी से घटाकर महज 3 फीसदी कर दिया है।पेट्रोल - डीजल व ईधन की राजनीति के पेतरें बाजी व प्रधान मंत्री की अपील पर केन्द्र सरकार की कमान सम्भालने के लिए स्वयं केंद्रीय मंत्री हरदीपपुरी ने सम्भालते हुए कहा कि रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें 19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची है।केंद्र ने तो अपनी जिम्मेदारी ना ली बल्कि उत्पाद शुल्क मे कमी कर निभाई है।अब राज्यों की बारी' है।केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कोविड महामारी के बाद भी केंद्र सरकार जनता के लिए लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि अब राज्यों आगे आएं और इसकी जिम्मेदारी लें। केंद्रीय मंत्री ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में सबसे कम बढ़ोतरी हुई है।मोदी सरकार में पेट्रोल-डीजलऔर एलपीजी के दामों में सिर्फ 30 फीसदी ही बढ़ोत्तरी हुई है,जबकि केंद्र सरकार ने इसके बदले में अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'हम अभी तक कोरोना महामारी से उबर नहीं पाए हैं।देश के 80 करोड़ लोगों को अभी भी मुफ्त में राशन दिया जा रहा है।केंद्र सरकार ने इससे बचने के लिए अभी भी वैक्सीनेशन अभियान चला रखा है।रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड आयल की कीमतें19.56 डालर प्रति बैरल से बढ़कर 130 डालर प्रति बैरल तक जा पहुंची है इसके पहले केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल पर 32 रुपये का एक्साइज शुल्क लेती थी,जिसमें कटौती की गई है।केंद्र सरकार ने पिछले साल दीपावली के आस-पास अपनी जिम्मेदारी लेते हुए वैट टैक्स घटाए थे। अब राज्यों को भी जनता की सेवा के लिए इस बात की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुरी ने कहा कि गैर बीजेपी शासित राज्यों में 25 फीसदी ज्यादा वैट टैक्स बसुल रही है।पुरी ने आगे कहा,भारतीय जनता पार्टी द्वारा शासित राज्यों में जितना बैट लगा रहे हैं उसका आधा वैट बीजेपी शासित राज्यों में लगाया गया है।पेट्रोल के दामों की बात करें तो बीजेपी शासित राज्यों की तुलना गैर-बीजेपी शासित राज्यों में 15-20 रुपये का अंतर दिखाई देगा। आपको बता दें कि गुरुवार को भी हरदीप सिंह पुरी ने बताया था कि विमान संचालन में देश के 40 फीसदी ईंधन का खर्च इससे पूर्व गुरुवार को भी केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि विमान संचालन में 40 फीसदी खर्च ईंधन का होता है। देश के जिन राज्यों में बीजेपी का शासन नहीं है वहां पर 25 फीसदी ज्यादा वैट की वसूली की जा रही है जबकि बीजेपी जिन राज्यों में शासन कर रही है वहां पर एक फीसदी वैट टैक्स ही लिया जा रहा है।राज्य पेट्रोल-डीजल को जीएसटी की दयारे में लाने को तैयार नहीं। मेरी समझ यह है कि केंद्र पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के तहत लाने में खुश होगा लेकिन सत्य ये है कि राज्य इसके लिए तैयार नहीं है। सच्चाई यह है कि राज्य इसके लिए तैयार नहीं हैं. राज्यों के मुख्यमंत्री पेट्रोल-डीजल और शराब के राजस्व से हत्या हत्या करने पर उतारू हैंऔर जब कर्ज बढ़ता है तो वे दूसरों को दोष देते हैं।उन्होंने इसका सबसे बड़ा उदाहरण पंजाब का दिया है।पुरी ने कहा कि हम ईरान जैसे खाड़ी देशों के करीब स्थित हैं।जहां बहुत सारा तेल है।रूस के साथ हमारे ऊर्जा संबंध हैं और हम उनस कच्चा तेल खरीदते हैं, लेकिन हमारा कुल आयात महज 0.2 फीसदी से ज्यादा का नहीं है हमेंअपने हितो को ध्यान में रखते हुए अपनी शर्तों पर तेल खरीदना होगा। प्रधानमंत्री के द्वारा दिये गये गैर भाजपा शासित राज्यो की सरकार को वेट मे कमी करने के सुझाव पर विपक्षी दलो की राज्य सरकार की राजनीति पैतरेबाजी से आम जनता परेशान है।उन्हे यह समझ में नहीं आ रही है कि उनका सच्चा हितैषी कौन है। पहले पाँच राज्यों के विधान सभा चुनाव मं भाजपा जहाँ मुफ्त राशन,मुफ्त बैकशीन आदि के नाम पर ढिढोरा पीटने वाला केन्द्र की वर्तमान भाजपा की सरकार अपना बोट बैंक को यह एहसास दिलाकर राज्य में अपना सत्ता के सिंधासन पर अपना सिक्का जमाते हुए गैर भाजपा शासित राज्य सरकार पर निशाने लगाते हुए जनता का सच्चा हमदर्द का नाटक कर रही है। जो भाजपा मंहगाई के नाम पर केन्द्र में डा मनमोहन सिंह के नेतत्व मे कांग्रेस की सरकार को विरोध करते थकते नही थी वही आज मंहगाई व बेरोजगारी को कोई समस्या नही मानती है।

# राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका अति महत्वपूर्ण

संजीव ठाकुर

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं'राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं' लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैं' अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है।

## चिंतन

# कोयले की कमी बिजली संकट का प्रमुख कारण

सुनील महला

**मई का** महीना चल रहा है। इस बार मार्च के महीने से ही गर्मी अपने पूर्ण परवान पर है। जून-जुलाई में और भी अधिक गर्मी पड़ेगी। जबरदस्त गर्मी के बीच बिजली संकट घोर चिंता का विषय है, क्योंकि गर्मी के सीजन में शहरों का बिना लाइट बुरा हाल हो जाता है।इसके बिना आधुनिक जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सघन आबादी के कारण बिना बिजली के शहरों में गर्मी के मौसम में जीवन-यापन करना बहुत ही मुश्किल है। पिछले काफी समय से अखबारों में पढ़ने को मिल रहा है कि बिजली की कमी या बिजली संकट का प्रमुख कारण देश के विभिन्न भागों में कोयले की कमी होना है। सभी जानते हैं कि कोयले से ही प्रचुर मात्रा में बिजली बनाई जाती है और जब कोयला ही उपलब्ध नहीं होगा तो बिजली कहां से बनेगी ? हालांकि पानी, पवन चक्की, डीजल, भूतापीय ऊर्जा(थर्मल पावर प्लांट), सौर ऊर्जा तथा न्यूक्लियर ऊर्जा द्वारा भी देश में बिजली का निर्माण किया जाता है लेकिन कोयले से काफी मात्रा में बिजली का निर्माण हमारे देश में किया जाता रहा है। कोयला धरती में उपलब्ध एक सीमित संसाधन है और मनुष्य अपने स्वार्थों को पूर्ण करने के लिए लगातार धरती में उपलब्ध कोयले का उपभोग कर रहा है। बढ़ती आबादी के साथ भी बिजली की डिमांड देश में बढ़ी है। कोयला सीमित है और जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। जनसंख्या बढ़ने के कारण बिजली की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। विज्ञान व विकास से हर क्षेत्र में आज बिजली की आवश्यकता है। बिजली आज मनुष्य जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। आज के समय में घरों में,कारखानों में, विभिन्न कार्यालयों में बिजली का प्रयोग और अधिक बढ़ गया है। अगर थोड़ी बहुत देर के लिए बिजली चली जाती है तो बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है। आज के आधुनिक जीवन में बिजली मनुष्य के जीवन की एक बहुत बड़ी जरूरत बन गई है जिसके बिना मनुष्य किसी भी काम को करने में सफल नहीं होता है। चाहे वे उधोग का क्षेत्र हो या कोई भी क्षेत्र, आज सभी जगह बिजली की जरूरत है। वैसे तो बिजली संकट का कारण कोयले की कमी को बताया जा रहा है , लेकिन यदि हम केंद्रीय कोयला मंत्री की मानें तो देश में पर्याप्त कोयला मौजूद है । यदि वास्तव में ऐसा है तो फिर कुछ राज्यों में लगातार बिजली कटौती की शिकायतें क्यों आ रही हैं ? हरेक राज्य में चार-पांच घंटे बिजली के कट लगना आम बात है और इस भीषण गर्मी में जनता बिजली कटो से हैरान, परेशान है। बिजली के मामले में, यहाँ यह बात अत्यंत सोचनीय है कि यदि कोयले से संचालित बिजलीघर उसकी कमी का सामना नहीं कर रहे हैं तो फिर रेलवे को कोयले की ढुलाई के लिए विशेष व्यवस्था क्यों करनी पड़ रही है ? बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर 13.6 प्रतिशत बढ़कर 132.98 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। मंत्रालय ने कहा कि गर्मी की शुरूआत और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के चलते यह बढ़ोतरी हुई। एक एजेंसी की खबरों के अनुसार पिछले साल अप्रैल में बिजली की खपत 117.08 बीयू थी, जबकि 2020 के इसी महीने में यह आंकड़ा 84.55 बीयू था। दूसरी ओर इस साल अप्रैल में बिजली की पीक मांग 207.11 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर रही। बताया जा रहा है कि कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के कारण अप्रैल 2020 में बिजली की खपत और मांग प्रभावित हुई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि बिजली की खपत और मांग में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। ऐसा मुख्य रूप से गर्मियों की शुरूआत और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के चलते हुआ है। जून और जुलाई के महीनों में बिजली की खपत और अधिक बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है, क्योंकि इन महीनों में बहुत अधिक गरमी पड़ती है और गरमी बढ़ने के कारण बिजली की खपत भी अधिक होती है। बिजली नहीं होने से दिल्ली जैसे शहरों में लोगों को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों, मेट्रो पर बिजली के कारण बहुत ज्यादा असर पड़ता है।

# भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आज भारतीय संस्कारों की सरिता, महान परंपरा, भारतीय सभ्यता, वैचारिक अधिष्ठान रूपी आवाज अब केवल भारत की सीमाओं तक ही सीमित नहीं है, यह विश्व भर में फैल रहे हैं और पूरे विश्व को जोड़ रहे हैं इसका एहसास हमें अब होने लगा है, क्योंकि जब हमने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर भारत के पीएम के अनेक विदेश दौरों में देखा कि किस तरह वहां पीढ़ियों से बसें भारतीय मूल के लोगों के दिल में उनके पुरखों द्वारा भारत से लाए लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों से संस्कारों की सरिता का प्रत्यक्ष प्रमाण दिखा जब वे भारतीय पीएम के प्रति इतनी उत्सुकता और अपनी पुरखों की मिट्टी से कोई उनके देश आता है तो उनके दिल के कोने से करोड़ों खुशियों के फव्वारे होते हैं यह हम देखते आ रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के व्यक्ति की परिभाषा की करें तो यह ऐसा व्यक्ति जिसका कोई पूर्वज भारतीय नागरिक था और जो वर्तमान में अन्य देश की नागरिकता या राष्ट्रीयता धारण करता है/करती है।

इन लोगों के पास उसी देश का पासपोर्ट होता है। चूंकि इन लोगों के पास विदेशी पासपोर्ट होता है।

साथियों बात अगर हम भारतीय मूल के व्यक्तियों की गाथा की करें तो कल्पना चावला कमला हैरिस के काम और नाम तो हम जानते ही हैं इसके अलावा,अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ और नासा के वैज्ञानिक कमलेशलुल्ला अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस से पहले एक प्रतिष्ठित अमेरिकी फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित किए गए उन 34 अप्रवासियों में से हैं, जिन्होंने अपने योगदान और कार्यों के माध्यम से अमेरिकी समाज और लोकतंत्र को समृद्ध और मजबूत किया है। गोपीनाथ और लुल्ला न्यूयॉर्क के कानेर्गी कॉरपोरेशन की तरफ से नामित ह्य2021 ग्रेट इमिग्रेंट्स (महान प्रवासी) की लिस्ट में शामिल हैं।ये एक गैर सरकारी संगठन है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारतीय समुदाय का दबदबा कायम रखते हुए भारतीय मूल के छह किशोरों ने अमेरिका का प्रतिष्ठित डेविडसन फेलो स्कॉलरशिप हासिल कर ली है। सिंगापुर में भारतीय मूल के सीनियर सेल्स एग्जीक्यूटिव शक्तिबालन बालथंडौथम को अपने लीवर का एक हिस्सा एक साल की बच्ची को दान करने के लिए "द स्ट्रेट्स टाइम्स सिंगापुरियन ऑफ द ईयर 2021" का पुरस्कार मिला है, जिससे वह पहले कभी नहीं मिले थे। अमेरिका में मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए आयोजित होने वाली एक प्रमुख विज्ञान और इंजीनियरिंग प्रतियोगिता में भारतीय मूल के बच्चों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के पांच विजेताओं में भारतीय मूल के चार बच्चे शामिल हैं, जिसमें 14 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के ने प्रतियोगिता में शीर्ष पुरस्कार प्राप्त किया है। साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति की करें तो भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की सर्वाधिक प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति व सभ्यता है। इसे विश्व की सभी संस्कृतियों की जननी माना जाता है। जीने की कला हो, विज्ञान हो या राजनीति का क्षेत्र भारतीय संस्कृति का सदैव विशेष स्थान रहा है।अन्य देशों की संस्कृतियाँ तो समय की धारा के साथ-साथ नष्ट होती रही हैं किंतु भारत की संस्कृति व सभ्यता आदिकाल से ही अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। पूरे विश्व में भारत अपनी संस्कृति और परंपरा के लिये प्रसिद्ध देश है। ये विभिन्न संस्कृति और परंपरा की भूमि है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता का देश है।

भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण तत्व अच्छे शिष्टाचार, तहजीब, सभ्य संवाद, धार्मिक संस्कार, मान्यताएँ और मूल्य आदि हैं।

अब जबकि हरेक की जीवन शैली आधुनिक हो रही है, भारतीय लोग आज भी अपनी परंपरा और मूल्यों को बनाए हुए हैं। विभिन्न संस्कृति और परंपरा के लोगों के बीच की घनिष्ठता ने एक अनोखा देश, भारत बनाया है। अपनी खुद की संस्कृति और परंपरा का अनुसरण करने के द्वारा भारत में लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहते हैं।

# आजकल के दावत

डॉ. सुरेश कुमार

सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन चक्कर दावत के तरीके से था। अंग्रेजी में उस दावत की स्पेलिंग तो मुझे पता है किंतु उच्चारण करना कैसे है, यही मेरे लिए टेढ़ी खीर है। कभी बुफेट कहता हूँ तो कभी बफेट। कुछ लोगों के कहने पर बुफे तो कुछ लोगों के कहने पर बफे। मुझे अभी तक यह समझ नहीं आया कि मैं खाने जा रहा हूँ या दिमाग का दही बनाने। सामान्य भाषा में कहना हो तो खड़े होकर, हाथ में प्लेट लेकर दर-दर की ठोकरें खाते हुए परोसने वाले के पास पहुँचकर खाने को जो कुछ भी मिल जाता है उसे ही ह्यवोह्ल (बुफेट, बफेट, बुफे, बफे) कहते हैं। परोसिया भी ऐसा कि किसी कोड लैंग्वेज का पालन करने वाला रोबोट हो जैसे। वह परोसेगा भी ऐसे जैसे उसके घर से दे रहा है। दूसरी बार जाने पर वह ऊपर से नीचे ऐसे घूरता है कि तीसरी बार जाने से पहले शर्म के मारे मर ही जाएँ। आप मानें या न मानें हमारे लिए यह दावत किसी आफत से कम नहीं है। ऐसी दावतों में बड़ा सज-धजकर जाना पड़ता है। एकदम शोरूम के बुत की तरह। ऊपर से चंगे और भीतर से भूखे-नंगे। हॉल में जैसे ही बैठे, अचानक से भगदड़ मची। पता चला कि ह्यखड़ाखाऊह्ल दावत के व्यंजनों पर से ढक्कन उतार दिए गए हैं। ऐसे समय में ह्यअब न चूक चौहानह्ल की तर्ज पर लंबी-लंबी कतारों में बाढ़ में बर्बाद हो गए किसी शरणार्थी की तरह राहतसामग्री हेतु खड़े होने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसी दावतों में ह्यपहले आओ अच्छा पाओह्ल की स्मीक खुलेखाम धड़ल्ले से चलती है। देर हुई तो समझो गए काम से। हमारी हालत तो और भी बदतर थी। हाथ में प्लेट लिए खाना तो दूर उसे देखने भर के लिए तरस रहे थे। मेरे एक मित्र की हालत तो ह्यलाएँ हैं तूफान से कश्ती निकालकरह्ल की ह्यतर्ज पर लाएँ हैं बिरयानी अपना कुर्ता फड़वाकरह्ल जैसी हो गई थी। इसलिए इन दावतों की अदाओं से कुछ अनुभवी लोग अपना परिधान बचाकर पूरा ध्यान खाने पर रखते हैं। कभी-कभी तो लगता है ऐसे विशेषज्ञों से इन दावतों में जाने का प्रशिक्षण ले लेना चाहिए।

## भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम की रैंकिंग में सुधार

**लुसाने।** भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम जारी एफआईएच विश्व रैंकिंग में आगे बढ़ते हुए क्रमशः तीसरे और सातवें स्थान पर पहुंच गई। भारत की दोनों टीम की रैंकिंग में सुधार हुआ है। दोनों टीम ने हाल में एफआईएच प्रो लीग के मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय पुरुष टीम इंग्लैंड (3-3 और 4-3) और जर्मनी (3-0 और 3-1) के खिलाफ तीन जीत और एक ड्रॉ की बदौलत नीदरलैंड को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से



तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मलेशिया के खिलाफ चार टेस्ट मैच की सफल श्रृंखला के बाद आस्ट्रेलिया पुरुष रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार है। बेल्जियम दूसरे स्थान पर है जबकि उसके बाद भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, अर्जेन्टीना, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड का नंबर आता है। महिला रैंकिंग में भारत एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष रैंकिंग वाले नीदरलैंड पर जीत की बदौलत सातवें स्थान पर पहुंच गया है।

प्रो लीग में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अर्जेन्टीना दूसरे जबकि आस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड चौथे स्थान पर है जबकि उसके बाद जर्मनी, स्पेन और भारत हैं। बेल्जियम की टीम न्यूजीलैंड और जापान से आगे 8वें स्थान पर हैं।

## राजस्थान के मैच में एक बार फिर अंपायर सवालों के घेरे में, सोशल मीडिया पर भड़के लोग

**मुंबई ।** कोलकाता नाईट राईडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया है। पर इस मैच में बेहद ही खराब अंपायरिंग देखने को मिली है। जिस कारण राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन



काफी निराश दिखाई दिए। दरअसल राजस्थान के लिए 19वां ओवर फेंकने आए प्रसिद्ध कृष्णा की चौथी गेंद कोलकाता के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने जगह बनाकर शॉट खेलना चाहा। इसके लिए वह विकेट से बाहर चले गए प्रसिद्ध कृष्णा ने यह देख लिया और गेंद को उनसे और दूर फेंक दिया। गेंद वाइड लाइन के बाहर चली गई जहां रिंकू सिंह खड़े थे। पर अंपायर ने तब भी इस पर वाइड दे दिया। अब सोशल मीडिया पर आईपीएल में हो रही अंपायरिंग को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर अरुण लाल ने 66 साल की उम्र में की दूसरी शादी, तस्वीरें हुई वायरल

**मुंबई ।** कोलकाता नाईट राईडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया है। पर इस मैच में बेहद ही खराब अंपायरिंग देखने को मिली है। जिस कारण राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन काफी निराश दिखाई दिए। दरअसल राजस्थान के लिए 19वां ओवर फेंकने आए प्रसिद्ध कृष्णा की चौथी गेंद कोलकाता के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने जगह बनाकर शॉट खेलना चाहा। इसके लिए वह विकेट से बाहर चले गए प्रसिद्ध कृष्णा ने यह देख लिया और गेंद को उनसे और दूर फेंक दिया। गेंद वाइड लाइन के बाहर चली गई जहां रिंकू सिंह खड़े थे। पर अंपायर ने तब भी इस पर वाइड दे दिया। अब सोशल मीडिया पर आईपीएल में हो रही अंपायरिंग को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।



# राजस्थान को सात विकेट से हराकर केकेआर ने पांच मैचों के बाद चखा जीत का स्वाद

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल 2022 का 47वां मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान संजू सैमसन की अर्धशतकीय पारी के बदौलत 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम ने नितिश राणा और रिंकु सिंह की अर्धशतकीय साझेदारी के बदौलत 3 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। कोलकाता ने इस मैच को 7 विकेट से जीत लिया है और उसकी यह 5 मैचों बाद पहली जीत है।



**राजस्थान रॉयल्स (पहली पारी)**

राजस्थान के लिए जोस बटलर के साथ देवदत्त पड्डिकल पारी की शुरूआत करने आए। पड्डिकल एक बार फिर से फ्लॉप हो गए। उन्हें कोलकाता के तेज गेंदबाज उमेश यादव ने पवेलियन का रास्ता दिखाया।

शानदार लय में चल रहे जोस बटलर को टिम साउदी ने अपना शिकार बनाया और कोलकाता को दूसरी सफलता दिलाई। जोस बटलर 25 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। अनुकुल रॉय ने करुण नायर को आउट करके राजस्थान को तीसरा झटका दिया। करुण नायर 13 गेंदों पर 13 रन बनाकर चलते बने।

टिम साउदी ने रियान पराग को आउट कर अपनी दूसरी सफलता हासिल की और राजस्थान को चौथा झटका दिया। पराग ने 12 गेंदों पर एक चौके और 2 छक्के की मदद से 19 रन बनाए। संजू सैमसन ने इस मैच में कप्तानी पारी खेलते हुए टीम के स्कोर को आगे ले गए। शिवम मावी ने उन्हें 54 रन पर आउट कर राजस्थान को 5वां झटका दिया। सैमसन ने अपनी पारी के दौरान 49 गेंदों का सामना किया और 7 चौके व एक छक्का लगाया। आखिरी के ओवर्स में शिमरॉन हेटमायर ने 13 गेंदों पर एक चौके और 2 छक्के लगाकर 27 रन की पारी खेली।

**कोलकाता नाईट राईडर्स (दूसरी पारी)**


लक्ष्य का पीछा करने आई कोलकाता की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को एरोन फिंच के रूप में टीम को पहला झटका लगा। फिंच को 4 रन पर आउट कर कुलदीप सेन ने चलता किया।

प्रसिद्ध कृष्णा ने बाबा इंद्रजीत को आउट कर राजस्थान को दूसरी सफलता दिलाई। इंद्रजीत 15 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर 32 गेंदों पर 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ट्रेंट बोल्ट ने अपना शिकार बनाया। चौथे विकेट के लिए नितिश राणा और रिंकु सिंह के बीच महत्वपूर्ण अर्धशतकीय साझेदारी हुई। नितिश राणा ने 49 गेंदों पर 7 चौके और एक छक्के की मदद से 54 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को छक्का मारकर टीम को जीत दिलाई। वहीं रिंकु सिंह ने 23 गेंदों पर 6 चौकों और एक छक्के की मदद से 42 रन की नाबाद पारी खेली।

## ला लिगा में बार्सिलोना ने मालोर्का को 2-1 से दी शिकस्त, तीन हार के बाद मिली पहली जीत

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में मालोर्का को 2-1 से हराकर अपने घरेलू मैदान कैंप नोउ में लगातार हार का क्रम तोड़ा। मेम्फिस डीपे और सर्जियो बास्क्वेट के गोल की मदद से बार्सिलोना ला लिगा अंकतालिका में सेविला से आगे दूसरे स्थान पर पहुंचने में भी सफल रहा। बार्सिलोना की कैंप नोउ में लगातार तीन हार के बाद यह पहली जीत है।

वह पांचवें स्थान की टीम रीयाल बेटिस से नौ अंक आगे है और इस तरह से उसकी अगले सत्र के लिये चैंपियन्स लीग में जगह सुरक्षित करने की संभावनाएं भी बढ़ गयी हैं। इसके अलावा बार्सिलोना के लिये यह जीत बहुत मायने नहीं रखती क्योंकि रीयाल मैड्रिड ने एक दिन पहले ही एस्पेनयोल को 4-0 से हराकर रिकॉर्ड 35वीं बार खिताब अपने नाम कर दिया था। मैड्रिड बुधवार को चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल के दूसरे चरण में मैनचेस्टर सिटी से भिड़ेगा। पहले चरण के बाद वह 3-4 से पीछे चल रहा है।




## ब्रेंडन मैकुलम का बयान- हमारे कुछ लोग आत्मविश्वास खो चुके, यह जीत काम आएगी

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आखिरकार पांच हार का क्रम तोड़ते ही जीत हासिल कर ली। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता को जीत दिलाने में नितिश राणा और रिंकू सिंह की बढ़ी भूमिका रही। मैच जीतने के बाद कोलकाता के कोच ब्रेंडन मैकुलम भी खुश दिखे। उन्होंने कहा कि जाहिर तौर पर (जीत के साथ) वास्तव में प्रसन्नता हुई। पांच मैचों में हारना आसान नहीं होता। जिस तरह से आज हमारे बल्लेबाज खेले मुझे सभी की तारीफ करने की जरूरत है। लोग एक साथ आए और प्रदर्शन किया। मैकुलम ने विशेष तौर पर राणा और रिंकू की प्रशंसा की। वह बोले- आज रात दो लोगों का प्रदर्शन शानदार था। यह दोनों बहुत अच्छे दोस्त हैं। आज मेरे लिए सही प्लेइंग-11 चुनना महत्वपूर्ण था। कुछ लोगों ने अपना फॉर्म और आत्मविश्वास खो दिया है, कुछ चोटें आई हैं, इसलिए हमें कुछ बदलावों के लिए मजबूर होना पड़ा। हमें पांच गेंदबाज चाहिए थे और पिच धीमी होने के कारण इसमें अनुकुल (रॉय) को फिट किया गया। हम मावी को टीम में चाहते थे, इसलिए उन्हें भी रखा गया।

मैकुलम बोले- वह (रिंकू) लंबे समय से फ्रेंचाइजी में हैं। उसके साथ कुछ समय बिताने का मुझे सौभाग्य मिला। उन्हें खुद को साबित करना था। उन्होंने पहले गेम में ही यह दिखा दिया। अय्यर बीच में आउट हो गए तो रिंकू ने बाखूबी पारी संभाली। अनुकुल शानदार थे, वह लंबे समय से आईपीएल में हैं। वह भी रिंकू के समान है, जो खुद को अच्छी तरह से आगे बढ़ाते हैं। उनका भविष्य अच्छा है। यह (उद्घाटन) एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें साफ-सुथरा रहने की जरूरत है। हम अन्य टीमों की तुलना में पावरप्ले में उतरे हैं।




## पांच साल से इस मौके का इंतजार कर रहा था: रिंकू

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 23 गेंद में 42 रन की नाबाद पारी खेल कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से जीत दिलाने वाले वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा कि वह पांच साल से ऐसे मौके का इंतजार कर रहे थे। केकेआर ने जीत के लिए मिले 153 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।मैन ऑफ द मैच रिंकू ने पुरस्कार समारोह में कहा, '' अलीगढ़ से कई खिलाड़ियों ने रणजी ट्रॉफी खेले हैं लेकिन आईपीएल खेलने वाला मैच पहला खिलाड़ी हूं। यह (आईपीएल) दूसरे घरेलू टूर्नामेंटों से काफी अलग है। बड़ा टूर्नामेंट है तो काफी दबाव होता है।''

उन्होंने कहा, ''मैं पांच साल से ऐसे मौके का इंतजार कर रहा था, लेकिन नियमित मौके नहीं मिल रहे थे। घरेलू टूर्नामेंटों में काफी रन बनाए तो अच्छा करने का आत्मविश्वास था।'' नितीश राणा के साथ शानदार साझेदारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, '' हम बस यही बात कर रहे थे कि मैच को आखिर तक ले जाना है। '' लगातार पांच हार के बाद जीत का स्वाद चखने वाले केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि मैच के शुरुआत से ही उनके खिलाड़ियों ने दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, '' हमारे गेंदबाजों ने पावर प्ले में सिर्फ 36 रन दिये और उसके बाद भी शिकंजा कसे रखा।'

उन्होंने कहा, '' रिंकू सिंह टीम के लिए काफी अहम है। मैंने टीम के अपने साथियों से कह रहा था कि वह धैर्य के साथ खेल रहा है और खुद पर दबाव को हावी नहीं होने दे रहा है। उसने केवल दो - तीन मैच ही खेले हैं। वह वाकई शानदार है।



## पृथ्वी साव पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगा

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए फटकार के साथ मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।आईपीएल से जारी बयान के मुताबिक, '' साव ने आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत 'स्तर एक' का अपराध और इससे जुड़ा जुर्माना स्वीकार कर लिया।'' उन्होंने कहा, ''आचार संहिता के 'स्तर एक' के उल्लंघन में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।'''स्तर एक' का अपराध अंपायरों या विरोधी टीम के प्रति आक्रामक इशारों से संबंधित है। लखनऊ ने इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स को छह रनों से हराकर आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की दिशा में कदम बढ़ाया।



## जयवर्धने ने बनाई ट्वंटी-20 की बेस्ट प्लेइंग-11, सिर्फ एक भारतीय गेंदबाज शामिल

**मुम्बई।** पूर्व श्रीलंकाई लीजेंड और आईपीएल में मुंबई इंडियंस के कोच माहेला जयवर्धने ने अपनी ड्रीम टी20 इलेवन के पांच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुना है। उनके इन पांच खिलाड़ियों में सिर्फ जॉस बटलर एकमात्र खिलाड़ी हैं। जो एशिया से बाहर के हैं। इसके अलावा वह चाहते हैं कि कैरेबियन खिलाड़ी क्रिस गेल संन्यास से वापस आए और उनकी टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर जुड़ें। जयवर्धने ने राशिद खान को अपने पहले खिलाड़ी के रुप में चुना। उनका कहना है कि राशिद ना सिर्फ आपको चार सफल ओवर दे सकते हैं, बल्कि निचले क्रम में आकर उपयोगी और आक्रामक बल्लेबाज़ी भी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राशिद ने 58 टी20 अंतररष्ट्रीय मैचों में सिर्फ 12.92 के औसत और 6.18 की कंजूस इकॉनमी से 105 विकेट लिए हैं।

आईसीसी रिव्यू शो में संजना गणेशन से बात करते हुए जयवर्धने ने कहा कि टी20 क्रिकेट में मैं गेंदबाज़ों को अधिक महत्व देता हूं, इसलिए मैंने टॉप पांच में तीन गेंदबाज़ चुने हैं। राशिद खान मेरे पहले गेंदबाज हैं। जो स्पिन गेंदबाज़ी के साथ-साथ बहुत अच्छी बल्लेबाज़ी भी कर लेते हैं। बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों रूप में ही उनका प्रयोग मैच में कभी भी हो सकता है। पावरप्ले हो या बीच के ओवर वह कभी भी गेंदबाज़ी कर सकते हैं। इसके अलावा वह डेथ ओवरों में भी ख़राब विकल्प नहीं हैं। इसलिए राशिद मेरी पहली पसंद हैं।




जयवर्धने ने पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को अपना दूसरा गेंदबाज़ चुना है। वह इस बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ के पिछले साल के प्रदर्शन से काफ़ी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल टी20 विश्व कप में उन्होंने कमाल का प्रदर्शन किया था। वह नई गेंद से कमाल की स्विंग प्राप्त करते हैं। इसके अलावा डेथ में भी वह विकेट के लिए जाते हैं, जो उनकी आक्रमकता को दिखाता है। जयवर्धने के तीसरे खिलाड़ी उनकी ही टीम के जसप्रीत बुमराह हैं। उनका कहना है कि वह हमेशा ही बुमराह की प्रशंसा करते हैं क्योंकि बुमराह एक आक्रामक गेंदबाज़ हैं और मैच का कोई भी फ़ेज हो। आप उनसे विकेट की ही अपेक्षा करते हो। उन्होंने कहा कि अगर आपको किसी मैच को ख़त्म करना हो तो आप बुमराह के ही पास जाओगे।

जयवर्धने ने अपनी टीम के पहले सलामी बल्लेबाज़ के रूप में इंग्लैंड के जॉस बटलर को चुना है, जो इस समय आईपीएल में तीन शतक लगाकर बेहतरीन फ़ॉर्म में हैं। जॉस स्पिन और तेज़ गेंदबाज़ी दोनों को बेहतरीन ढंग से खेलते हैं। टी20 विश्व कप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था और अब वह आईपीएल में भी ज़बरदस्त फ़ॉर्म में हैं।

उन्होंने टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान को चुना है। हालांकि वह चाहते हैं कि रिज़वान उनके लिए मध्यक्रम में उतरे क्योंकि वह स्पिन को अच्छे तरीक़े से खेलते हैं।

इसके अलावा एक और कारण क्रिस गेल भी हैं। जयवर्धने से जब पूछा गया कि वह किस खिलाड़ी को संन्यास से वापस लाकर अपनी टीम में शामिल करना चाहेंगे तो उन्होंने गेल का नाम लिया। उन्होंने कहा कि बटलर और गेल की जोड़ी एक विस्फ़ोटक जोड़ी होगी, जो कि किसी भी मैच का रुख़ पलटने की क्षमता रखती हैं। हालांकि उन्होंने मज़ाक़ में कहा कि बटलर को गेल का भी रन दौड़ना पड़ेगा।

## संजू सैमसन ने बताई हार की वजह, कहा- हम इस जगह से पीछे रह गए

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स को कोलकाता नाईट राईडर्स ने 7 विकेट से हरा दिया है। राजस्थान रॉयल्स की यह लगातार दूसरी हार है। राजस्थान ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 152 रन बना और जवाब में कोलकाता की टीम ने 3 विकेट के नकुसान पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच हारने के बाद संजू सैमसन ने कहा कि हम और अच्छी बल्लेबाजी कर सकती थे।




संजू सैमसन ने कहा कि विकेट धीमा था पर कोलकाता नाईट राईडर्स की टीम ने अच्छी गेंदबाजी की। पर जिस तरह की हमारे पास बल्लेबाजी है हमें आखरी के ओवर्स में कुछ ज्यादा बाउंड्रीज की जरूरत थी। मुझे लगता है कि हम 15-20 रन पीछे रह गए जो हार का कारण बना। संजू सैमसन ने आगे कहा कि हमने मैच में अच्छी प्रतिस्पर्धा दिखाई।

निजी तौर पर मुझे लगता है कि हमें और बढ़िया बल्लेबाजी करनी चाहिए। आपको खेल का आकलन करते रहना होगा और आपके साथ कौन बल्लेबाजी कर रहा है। विकेट गलत समय पर गिरे जिस कारण टीम की रन गति कम हो गई।

## हेटमायर का खुलासा, बताया कौन है उनका सबसे बड़ा कोच और सबसे कठोर आलोचक

**मुम्बई।** राजस्थान रॉयल्स के स्टार बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर ने अपनी पत्नी निर्वाणी को अपना सबसे बड़ा कोच करार दिया है। पिछले कुछ महीनों में उनके बेहतर बल्लेबाजी स्वभाव और स्थिरता के लिए उनकी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी ने उनसे अपनी पारी की शुरुआत करने के लिए बल्ले से बाहर निकलते हुए मैदान पर अतिरिक्त समय बिताने का आग्रह किया और कहा कि इस सलाह ने उन्हें काफी मदद की। हेटमायर आईपीएल 2022 सीजन में रॉयल्स ने उन पर विश्वास किया और मेगा नीलामी में उन्हें 8.50 करोड़ रुपए में खरीदा। 25 वर्षीय ने अपनी पत्नी का उल्लेख उस व्यक्ति के रूप में किया जिसने उसे ऐसा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ खुद को मौका देने के बारे में है। पहले दो वर्षों तक मैंने वास्तव में खुद को सेट होने का मौका नहीं दिया। इस साल और आखिरी साल में मैंने खुद से कहा कि जाने से पहले यह जानने का मौका दो कि हालात क्या कर रहे हैं। मेरी पत्नी मेरी सबसे बड़ी कोच और मेरी सबसे कठोर आलोचक रही है और उसने मुझसे कहा कि खुद को कुछ गेंदें दें और फिर आगे बढ़ें।




हेटमायर इस सीजन में आईपीएल में अपनी टीम के लिए फिनिशर बनकर उभरे हैं और तेजी से रन जोड़ने में सफल रहे हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह अपने साथी जोस बटलर से रिवर्स स्वीप सीखना चाहते हैं। अंग्रेज खिलाड़ी (बटलर) टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और अब तक तीन शतक लगा चुके हैं। उन्होंने कहा, 'मैं जोस बटलर से रिवर्स स्वीप करना सीखना चाहता हूं। मैं नेट्स में इसका अभ्यास कर रहा हूं लेकिन केवल हिट हो रहा हूं। जब मैं उसके साथ बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो वह चीजों को आसान बना देता है। भगवान का शुक्र है कि मैं वानखेड़े में गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज नहीं हूं, यह बल्लेबाजों के लिए अच्छा मैदान है।

# विदेश संदेश

## शर्मनाकः रेप और यौन हिंसा को युद्ध के हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा रूस, बच्चों को भी नहीं बख्श रहे सैनिक

**यूक्रेन।** कनाडा में यूक्रेन की राजदूत ने कहा है कि रूस यौन हिंसा को युद्ध के हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है और दुष्कर्म तथा यौन प्रताड़ना के मामलों को युद्ध अपराध माना जाना चाहिए।



राजदूत यूलिया कोवालिव ने 'कनाडा हाउस ऑफ कॉमन्स' की एक समिति के समक्ष कहा कि रूस के सैनिक यौन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं और बच्चों को भी नहीं बख्श रहे।

उन्होंने कहा कि दुष्कर्म और यौन प्रताड़ना के मामलों की जांच युद्ध अपराध के तौर पर की जानी चाहिए। कोवालिव ने कहा कि रूस ने यूक्रेन में बच्चों को अगवा कर लिया और उन्हें रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में ले जाया गया है, यूक्रेन बच्चों का पता लगाने और उन्हें वापस लाने के लिए सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

राजदूत ने कहा, '' कुछ दिन पहले रूसियों ने एक मां की हत्या कर दी थी और उसके बच्चे को मां के पार्थिव देह के साथ बांध दिया था और उनके बीच विस्फोटक लगा दिया था, कुछ देर में विस्फोटक फट गया था।' उन्होंने कहा,'' सिर्फ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उसके सहयोगियों को ही नहीं पूरे रूसी समाज को यूक्रेन पर आक्रमण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए क्योंकि रूस की 70 प्रतिशत से अधिक जनता इस युद्ध का समर्थन कर रही है।'

## रूस पूर्वी यूक्रेन पर कब्जे की योजना बना रहा है : अमेरिकी अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि रूस इस माह पूर्वी यूक्रेन के बड़े हिस्सों पर कब्जा करने और दक्षिणी शहर खेरसोन को स्वतंत्र गणराज्य के तौर पर मान्यता देने की योजना बना रहा है। यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संबंधी संगठन के लिए अमेरिकी दूत माइकल कारपेंटर ने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और अन्य देशों को जानकारी मिली है कि रूस तथाकथित दोनेत्सक और लुहांस्क ''पीपुल्स रिपब्लिक'' में ''दिखावटी जनमत संग्रह'' कराने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे संकेत मिले हैं कि रूस खेरसोन शहर में भी स्वतंत्र मतदान करा सकता है। कारपेंटर ने कहा, ''इस प्रकार के दिखावटी जनमत संग्रह, फर्जी मतदान को वैध नहीं माना जाएगा और न ही यूक्रेन के किसी क्षेत्र पर कब्जे की कोशिश को जायज माना जाएगा।'' उन्होंने इस बात की विस्तृत जानकारी नहीं दी कि किन सूचनाओं के आधार पर इस प्रकार का आकलन किया गया है, हालांकि ये सूचनाएं पहले से ही हैं कि रूस पूर्वी तथा दक्षिण के उन क्षेत्र पर अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है जो उसके कब्जे में आ चुके हैं। कारपेंटर ने कहा कि ऐसे सबूत हैं कि कुछ स्थानीय मेयर और नेताओं को अगवा किया गया है, इंटरनेट तथा फोन सेवाओं को बंद किया गया है और उन स्थानों में स्कूलों में रूसी पाठ्यक्रम शीघ्र लागू किया जाएगा।

## चीन में इमारत ढहने के तीन दिन बाद दो और लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया

**बीजिंग।** मध्य चीन में गत ढही एक इमारत के मलबे से दो और लोगों को जिंदा निकाला गया है। ये लोग तीन दिन से अधिक समय से मलबे के नीचे दबे थे। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि दोपहर और मंगलवार को तड़के एक पुरुष और एक महिला को मलबे से निकाला गया। महिला करीब 88 घंटे से मलबे में दबी थी। वह होश में थी और बचावकर्मियों से बात कर पा रही थी।

**इमारत का डिजाइन बनाने तथा निर्माण करने वाले तीन लोगों के अलावा पांच उन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने इमारत के चौथे से छठे तल के बीच अतिथि गृह के लिए कथित तौर पर गलत सुरक्षा आकलन रिपोर्ट दी थी।**

गौरतलब है कि हुनान प्रांत की राजधानी चांगशा में दोपहर करीब 12 बजकर 24 मिनट पर यह छह मंजिला इमारत ढह गई थी। पुलिस ने इस मामले में इमारत के मालिक सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इमारत का डिजाइन बनाने तथा निर्माण करने वाले तीन लोगों के अलावा पांच उन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने इमारत के चौथे से छठे तल के बीच अतिथि गृह के लिए कथित तौर पर गलत सुरक्षा आकलन रिपोर्ट दी थी।

# पाकिस्तान के शहरों में 12 घंटे तक बिजली गुल, 48 डिग्री को पार करते तापमान से हीटवेव का प्रकोप भी फुल

**इस्लामाबाद।** तापमान इन दिनों खूब कोहराम मचा रहा है और सूरज की तपिश से हिन्दुस्तान तड़प रहा है। भारत का एक बड़ा हिस्सा बेहिसाब गर्मी में उबल रहा है। लेकिन पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की स्थिति भी कुछ ऐसी ही नजर आ रही जा रहा है। पाकिस्तान में ज्यादातर इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज किया जा रहा है। देश में जबरदस्त हीटवेव के हालात हैं। कई इलाकों में तापमान 48 डिग्री के भी पार पहुंच गया है। इसके चलते अचानक बढ़ी बिजली की मांग के सामने पावर सिस्टम फेल हो गया है। नतीजतन देहातों में 18 घंटे, जबकि शहरों में 12 घंटे तक बिजली गुल हो रही है।पाकिस्तान के मौसम विभाग का कहना है कि देश के अनेक हिस्सों में दिन का तापमान औसत से 5एष्ट से 8एष्ट ऊपर रहने की सम्भावना है। गिलगिट-बाल्टिस्तान और



ख़ाइबर-पख्तूनख्वा के पर्वतीय क्षेत्रों में असाधारण गर्मी से बर्फ़ पिघलने की आशंका जताई गई है, जिससे सम्वेदनशील इलाक़ों में अचानक बाढ़ आ सकती है। मौजूदा हालात में वायु गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है और, विशाल भू-भाग पर आग लगने का जोखिम मंडरा रहा है।

वही यूएन एजेंसी विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और पाकिस्तान में अत्यधिक गर्मी के लिये, जलवायु परिवर्तन को एकमात्र कारण बताना जल्दबाज़ी होगी। पाकिस्तान के शहरी इलाकों में रोजाना 6 से 10 घंटे की कटौती हो रही है तो वहीं ग्रामीण इलाकों में 18-18 घंटे बिजली नहीं है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉन न्यूज ने बिजली विभाग के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि देश (पाकिस्तान) इन दिनों 7000 से 8000 मेगावाट बिजली की कमी का सामना कर रहा है।

## 73 साल में पहली बार चीन में मई दिवस नहीं मनाया गया, 26 शहरों में जारी है लॉकडाउन

**बीजिंग।** भारत में कोरोना वायरस की चौथी लहर की आशंकाओं के बीच चीन में एक बार फिर से कोरोना का प्रकोप देखने को मिल रहा है। प्रशासन की जीरो कोविड पॉलिसी विफल होती दिख रही है। यहां लगातार कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। जिसके चलते चीनी प्रशासन को 26 शहरों में लॉकडाउन लगाना पड़ा है। चीन में कोरोना की तबाही जारी है और सबसे खराब हालत शंघाई की है। यहां 27 मार्च से ही सख्त लॉकडाउन लागू है। लेकिन अब कोरोना की मार छोटे-छोटे शहरों में भी पड़ने लगी है।

**रोजाना 7 हजार से ज्यादा मामले**

कई शहरों में सख्त लॉकडाउन से लोगों को खासी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही खाने-पीने की चीजों की भी दिक्कत हो रही है। चीन में हर दिन 7,000 से



अधिक कोरोना वायरस के मामलों रिपोर्ट किए जा रहे हैं। जिसमें भारी आबादी वाले क्षेत्रों में परीक्षण किया गया है। इस प्रकोप के दौरान लोगों को अपने घरों के अंदर रहने के लिए मजबूर किया गया है, जो कि देश में शुरू में कोविड -19 का पता चलने के बाद से सबसे सख्त लॉकडाउन में से एक है। लॉकडाउन के अलावा, कोविड - 19 मानदंडों और आवासीय क्षेत्रों के लिए कड़े नियमों की कई रिपोर्टें जो कोविड हॉटस्पॉट में स्थित हैं।

**मई दिवस का प्रोग्राम रद्द**

देश में कोरोना के सबसे खराब प्रकोपों में से एक के बीच चीन ने मई दिवस 2022 के समारोह को रद्द करने का फैसला किया, है। बता दें कि मई दिवस देश में सबसे बड़े छुट्टियों के मौसम में से एक है। 1 मई को पड़ने वाले मई दिवस को इस साल कोविड के मामलों में वृद्धि के कारण रद्द कर दिया गया था। मई दिवस चीन और दुनिया के कई हिस्सों में देश के श्रमिक समुदाय और कार्यबल को मनाने के लिए मनाया जाता है।

यह एक ऐसा दिन है जहां कंपनियां अपने कार्यबल का जश्न मनाती हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

## यूक्रेन दौरे के बाद अमेरिकी संसद लौटीं पेलोसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी यूक्रेन के औचक दौरे के बाद सोमवार को संसद भवन परिसर लौटीं और उन्होंने कहा कि रूसी आक्रमण से निपटने में यूक्रेन की मदद करने के लिए अमेरिकी संसद को 'और अधिक सहयोग देने' की जरूरत है। पेलोसी यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद से कीव में कदम रखने वाली अमेरिका की सर्वोच्च निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ हुई अमेरिकी संसद के प्रतिनिधिमंडल की बैठक को 'सूचनात्मक' एवं 'प्रेरणादायक' करार दिया।

डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के साथ पेलोसी की कीव यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी संसद यूक्रेन की सैन्य एवं मानवीय मदद के लिए 33 अरब अमेरिकी डॉलर का पैकेज तैयार कर रही है। यही नहीं, अब कुछ सांसद 'मार्शल प्लान' सरीखे प्रयासों पर भी चर्चा कर रहे हैं, ताकि अमेरिका यूक्रेन में पुनर्निर्माण कार्यों में ठीक उसी तरह से मदद कर सके, जैसा कि उसने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप में किया था। पेलोसी पिछले हफ्ते संसद द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति जो बाइडन की मंजूरी के लिए भेजने को उस पर दस्तखत करने की खातिर संसद भवन लौटीं। यह विधेयक द्वितीय विश्व युद्ध के दौर के सैन्य ऋण-पट्टा कानून को अद्यतन करेगा और यूक्रेन को सहायता भेजने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित बनाएगा। बाइडन के संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देने की संभावना है।

## भारत में 2047 तक देश का हरेक बच्चा सुरक्षित और शिक्षित होगा : कैलाश सत्यार्थी

**वाशिंगटन।** नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि भारत ने बीते कुछ वर्षों में बालश्रम की समस्या से निपटने के लिए काफी सराहनीय कदम उठाए हैं और उन्हें विश्वास है कि 2047 तक देश का हरेक बच्चा सुरक्षित और शिक्षित होगा। भारत 2047 में स्वतंत्रा की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा।

सत्यार्थी ने दिए साक्षात्कार में कहा कि भारत में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए सामाजिक एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है, और इसके लिए सरकार को समाज और निजी क्षेत्र के समर्थन की आवश्यकता होगी।

उन्होंने कहा, '' भारत में हरेक बच्चे को स्वतंत्रता, सुरक्षा, शिक्षा और सभी तरह के अवसर दिए जाने चाहिए। मुझे यकीन है कि यह (2047 से पहले) होगा। सत्यार्थी, शांति कार्यक्रमों में भाग लेने और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के सदस्यों, थिंक टैंक के सदस्यों और सांसदों से मिलने अमेरिका आये हैं। उन्होंने कहा, '' एक तरह से, जब मैं समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में बात करता हूं तो मेरा दृष्टिकोण महात्मा गांधी से प्रेरित है। मुझे उम्मीद है कि भारत इसे पूरा करने में सक्षम होगा और 2047 तक का इंतजार नहीं करेगा। यह उससे पहले होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि जिस दिन उत्तर प्रदेश या बिहार या दक्षिण में एक सुदूर गांव के सबसे निचले सामाजिक एवं आर्थिक तबके की लड़की स्कूल जाने के लिए स्वतंत्र होगी और उसे अपने सपनों को पूरा करने का अवसर मिलेगा, तब भारत सही मायने में पूर्ण रूप से स्वतंत्रता होगा। सत्यार्थी से पूछा गया था कि भारत के लिए उनका दृष्टिकोण उस समय के लिए क्या है, जब वह 2047 में अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। भारत इस वर्ष अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, जिसे भारतीय मूल के लोग और विदेशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा दुनिया भर में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के रूप में मनाया जा रहा है।

## इमरान ने अपनी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए बाइडन प्रशासन पर साजिश करने का आरोप लगाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए सीधे तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन पर साजिश करने का सोमवार को आरोप लगाया। पाकिस्तान के 22वें प्रधानमंत्री खान को 9 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से पद से हटा दिया गया था।इसके साथ ही वह पाकिस्तान के इतिहास में अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से अपदस्थ किये जाने वाले प्रथम प्रधानमंत्री हो गए। क्रिकेटर से नेता बने खान (69) कई बार आरोप लगा चुके हैं कि उनके राजनीतिक विरोधियों ने पाकिस्तान में सरकार बदलने के लिए अमेरिका के साथ सांठगांठ की है। हालांकि, उन्होंने इसका कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है और वाशिंगटन ने किसी भी तरह के हस्तक्षेप से इनकार किया है। खान ने ट्वीट कर यह नया दावा ऐसे समय किया है, जब एक अमेरिकी रक्षा विश्लेषक डॉ.



रेबेका ग्रांट ने 'फॉक्स न्यूज' के एक शो में पाकिस्तान के बारे में टिप्पणी की है।

ग्रांट ने शो के दौरान कहा, ''पाकिस्तान को यूक्रेन का समर्थन करने की जरूरत है, रूस के साथ सौदों की तलाश बंद करनी चाहिए, चीन के साथ अपनी भागीदारी सीमित करनी चाहिए और अमेरिका विरोधी नीतियों को रोकना चाहिए जिसके कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान को कुछ सप्ताह पहले पद से हटना पड़ा था।'' खान ने कहा कि यह टिप्पणी उनके इस दावे की पुष्टि करती है कि वह विदेशी साजिश का शिकार हुए। उन्होंने अपने बयान के साथ ग्रांट की टिप्पणी का वीडियो क्लिप साझा किया। उन्होंने कहा, ''अगर किसी को शासन परिवर्तन की अमेरिकी साजिश के बारे में कोई संदेह था, तो यह वीडियो सभी संदेहों को दूर करेगा कि लोकतांत्रिक रूप से चुने गए प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को क्यों हटाया गया। स्पष्ट है कि अमेरिका प्रधानमंत्री के रूप में एक आज्ञाकारी कठपुतली चाहता है जो पाकिस्तान को यूरोपीय युद्ध में तटस्थता का विकल्प नहीं चुनने देगा।'' खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन से सवाल किया कि उनके हटने से पाकिस्तान में अमेरिका विरोधी भावना बढ़ी या कम हुई। खान ने इससे पहले मार्च में वाशिंगटन में पाकिस्तान के राजदूत द्वारा भेजे गए एक गुप्त पत्र का इस्तेमाल अपनी सरकार को हटाने के लिए विदेशी साजिश के अपने दावे का समर्थन करने के लिए किया था। पत्र एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के साथ राजदूत की बातचीत के बारे में था, जिन्होंने रूस के प्रति पाकिस्तान की नीति पर नाराजगी व्यक्त की थी।

## रूस से जंग के बीच यूक्रेन का बड़ा आरोप, दो लाख बच्चों की तस्करी, 11 लाख को बंधक बनाया

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जंग लगातार जारी है। 69वें दिन तक पहुंच गये इस युद्ध में अब यूक्रेन ने



रूस पर बड़ा आरोप लगाया है। यूक्रेन का आरोप है कि युद्ध के दौरान रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के 11 लाख लोगों को बंधक बनाया है, साथ ही दो लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें जबरन रूस ले जाया गया है। 24 फरवरी को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। तब से लगातार युद्ध जारी है। रूस यूक्रेन के शहरों पर मिसाइलों व बमों से हमला कर रहा है और यूक्रेन लगातार मुकाबले में जूझ रहा है। अब यूक्रेन ने रूस पर बड़ा आरोप लगाकर पूरी दुनिया का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है। यूक्रेन का कहना है कि रूसी सेना यूक्रेन के तमाम शहरों पर आक्रमण के बाद उन पर कब्जे जैसा वातावरण बनाती है, फिर यहां से यूक्रेनी नागिरकों को बंधक बनाने का सिलसिला शुरू होता है। दावा किया गया है कि अब तक 11 लाख यूक्रेनी नागरिकों को रूसी सैनिक जबरन बंधक बनाकर रूस ले गए हैं। इनमें दो लाख यूक्रेनी बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें तस्करी कर रूस ले जाया गया है।रूस के रक्षा मंत्रालय ने इसके इतर कहा है कि यूक्रेन के जो लोग वहां नहीं रहना चाहते, उन्हें यूक्रेन भेजा जा रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक डोनाबास से लगभग दो लाख बच्चों सहित 11 साख यूक्रेनियों को रूस लाया गया है। सोमवार को ही कीव के अधिकारियों के साथ समन्वय के बिना दो हजार बच्चों सहित 12 हजार लोग यूक्रेन से रूस ले जाए गए हैं।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## रूसी सेना का पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में हमला जारी

**कीव।** यूक्रेन के मारियुपोल में नागरिकों की निकासी के बीच सोमवार को रूसी सेना के पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन में हमले जारी हैं। लुहांस्क में भी रूसी गोलाबारी में तीन लोगों के मारे जाने की सूचना है।

रूस के सीमावर्ती बेलगोरोद इलाके में सोमवार सुबह दो तेज धमाके सुने गए, लेकिन इससे किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इन धमाकों के लिए यूक्रेन की सेना को जिम्मेदार माना जा रहा है जो पिछले कई दिनों से रूस के सीमावर्ती इलाकों में छिटपुट हमले कर रही है।

रूसी सेना के कब्जे में चले गए चार बंदरगाहों को यूक्रेन ने सोमवार को औपचारिक रूप से बंद करने का ऐलान किया। अजोव सागर के किनारे स्थित मारियुपोल, बार्डियांस्क और स्काडोव्स्क बंदरगाह बंद किए गए हैं, जबकि काला सागर के किनारे स्थित खेरसान बंदरगाह भी बंद किया गया है। दो महीने से ज्यादा के युद्ध में ये चारों बंदरगाह रूसी सेना के कब्जे में चले गए हैं।

यूक्रेन सरकार के बयान में कहा गया है कि अब इन बंदरगाहों से माल ढुलाई और यात्रा के लिए किसी तरह की सुविधा नहीं दी जाएगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि काला सागर से लाखों टन खाद्यान्न रूसी सेना ने कब्जे में ले लिया है। इसकी वजह से यूरोप, एशिया और अफ्रीका के कई देशों में खाद्यान्न की मुश्किल पैदा हो सकती है। नौ मई को मनाए जाने वाले विजय दिवस का यूक्रेन में चल रहे युद्ध पर कोई असर नहीं पड़ेगा और उस दिन भी रूसी सेना की कार्रवाई जारी रहेगी। यह बात रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इटली की मीडिया से बातचीत में कही है। उन्होंने कहा कि रूस की सेना किसी भी खास दिन अपनी कार्रवाई नहीं रोकेगी, विजय दिवस पर भी नहीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर हुई रूस की जीत के उपलक्ष्य में हर साल नौ मई को मास्को में बड़े पैमाने पर विजय दिवस मनाया जाता है और इसमें रूसी सैन्य दस्तों की हथियारों के साथ भव्य परेड होती है। लावरोव ने संकेत दिया कि रूसी सेना की कार्रवाई लक्ष्यों की प्राप्ति से पहले नहीं रुकने वाली।

## भारतीय पेशेवरों ने जयशंकर से चीन पर उनके परिजन की वापसी की अनुमति के लिये दबाव बनाने का आग्रह किया

**बीजिंग।** चीन ने दो साल के लंबे अंतराल के बाद आखिरकार कुछ भारतीय छात्रों को पढ़ाई के लिए बीजिंग लौटने की अनुमति दे दी है। इसके मद्देनजर वहां रह रहे उन भारतीय पेशेवरों ने विदेश मंत्री जयशंकर से चीन सरकार के सामने उनकी तकलीफ बयां करने की अपील की है, जिनके परिजन बीजिंग के सख्त कोविड वीजा नियमों के चलते स्वदेश में फंसे हुए हैं।चीन में पांच साल से लेकर 27 साल तक की लंबी अवधि से काम कर रहे कई भारतीय पेशेवरों ने जयशंकर को एक मई को अपना दर्द बयां करने वाला एक संयुक्त ज्ञापन भेजा। ये पेशेवर बीजिंग, शंघाई सहित अन्य शहरों में कार्यरत हैं। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास को सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया है, हम कोविड-19 महामारी और उससे जुड़े यात्रा एवं वीजा प्रतिबंधों के चलते पिछले 26 महीने से अधिक समय से अपने बच्चों और परिजन से अलग रह रहे हैं।

ज्ञापन भेजने वालों में ऐसे पेशेवर शामिल हैं, जिन्होंने या तो अपने नवजात शिशु को दो साल से अधिक समय से नहीं देखा है या फिर जिनके बच्चे वीजा और उड़ानें रद्द होने के कारण पढ़ाई के लिए चीन नहीं लौट पा रहे हैं। साल 2020 की शुरुआत में वुहान में कोरोना वायरस संक्रमण फैलने के तुरंत बाद दर्जनों भारतीय पेशेवरों के परिजन ने चीन छोड़ दिया था। हालांकि, कई भारतीय पेशेवर जिनका चीन में जमा-जमाया कारोबार है या फिर जो आकर्षक पैकेज पर नौकरी कर रहे हैं, वे बीजिंग नहीं लौट सके, जिससे उनका जीवन और कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ। यह ज्ञापन चीन सरकार द्वारा बीते हफ्ते देश में पढ़ रहे 23,000 से अधिक भारतीय छात्रों में से कुछ को चीनी विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए वापस लौटने की अनुमति दिए जाने के बाद सौंपा गया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा था, दरअसल, भारतीय छात्रों की वापसी का काम पहले ही शुरू हो चुका है। भारतीय पक्ष को बस उन छात्रों की सूची उपलब्ध करानी है, जिन्हें वास्तव में चीन वापस आने की जरूरत है।

चीन सरकार की इस घोषणा के बाद बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने लौटने के इच्छुक छात्रों का विवरण मांगा और संबंधित छात्रों से आठ मई तक वांछित जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मार्च में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के नयी दिल्ली दौरे



के दौरानछात्रों से जुड़ा मुद्दा उठाने के जयशंकर के कदम का स्वागत करते हुए भारतीय पेशेवरों ने अपने ज्ञापन में कहा, हम आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि इस अवसर का उपयोग भारतीय छात्रों के साथ-साथ हमारे अलग रह रहे परिजन की सूची को आगे बढ़ाने के लिए करें, ताकि चीनी अधिकारी मानवीय आधार पर उस पर विचार कर सकें। ज्ञापन के मुताबिक, महामारी के दो साल बाद जब दुनिया के कई हिस्सों में जीवन सामान्य होता नजर आ रहा है, तब दुर्भाग्य से हमें उम्मीद की कोई किरण दिखाई नहीं दे रही है और हमारा पारिवारिक जीवन अब भी बाधित है और उस पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं।